इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -245 राजनांदगांव, सोमवार 22 जुलाई 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# आज संसद के बजट सत्र के हंगामेदार रहने की संभावना

नई दिल्ली। मॉनसून सत्र और संसद के बजट से पहले संसद भवन में एक सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कांग्रेस ने लोकसभा उपाध्यक्ष पद की मांग की। साथ ही, कांग्रेस ने लोकसभा में नीट मामले पर चर्चा करने की भी मांग की। समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव ने यूपी कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानों पर नाम प्लेट लगाने का मुद्दा उठाया।

### आंध्रप्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

आंध्र प्रदेश की विपक्षी पार्टी वाईएसआरसीपी ने रविवार को सर्वदलीय बैठक में राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। पार्टी के सांसद विजय साई रेड्डी ने संसद में सर्वदलीय बैठक के बाद कहा, आंध्रप्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बिगड़ गई है। हमने सरकार से राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की अपील की है।

### बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि बैठक में जेडीयू ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की, जबकि वाईएसआरसीपी ने आंध्र प्रदेश के लिए विशेष दर्जा की मांग की। इस केंद्रीय सरकार द्वारा बुलाई गई बैठक में कांग्रेस के जयराम रमेश, आप सांसद संजय सिंह, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी समेत कई बड़े विपक्षी नेता शामिल हुए। वहीं, ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी इसमें नहीं आई।



संसद के मानसून सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक: कांग्रेस ने मांगा डिप्टी स्पीकर पद

### संसद में हुई सार्थक चर्चा : किरेन रिजिजू

सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, हमारी एक बहुत ही उपयोगी चर्चा हुई। मैं सभी दलों के फ्लोर नेताओं का धन्यवाद करना चाहता हूं, जिन्होंने अच्छे सुझाव दिए। हमने संसद के सभी सदनों के नेताओं से सुझाव संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए लिए हैं। यह सरकार और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। रिजिजू ने कहा, हम लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### संसद की कार्यवाही प्रति घंटे 1.5 करोड़ रु

संसद की हर मिनट की कार्यवाही पर लगभग 2.5 लाख रुपए खर्च होते हैं। यानी यह रकम प्रति घंटे 1.5 करोड़ रुपए है। यह खर्च सांसदों की सैलरी, भत्ते, संसद सचिवालय का खर्च, सचिवालय के कर्मचारियों की सैलरी और सांसदों की सुविधाओं पर की जाती है। जब भी संसद हंगामे के कारण स्थगित होती है, तो यह नुकसान आम जनता को होता है। क्योंकि आम जनता ही लाखों रुपए टैक्स के तौर पर चुकाती है।

### आज मोदी 3.0 का पहला बजट

संसद का मॉनसून सत्र 22 जुलाई से शुरू हो रहा है और यह 12 अगस्त तक चलेगा। लोकसभा चुनावों के बाद केंद्र में तीसरी बार सरकार बनने के बाद यह प्रधानमंत्री मोदी का पहला बजट है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को सदन में बजट पेश करेंगी, जिसके बाद दोनों सदनों में इस पर चर्चा होगी।

# बजट सत्र में विपक्ष के 5 मुद्दे पर हो सकता है हंगामा



नई दिल्ली। आज से मॉनसून सत्र और संसद के बजट में हंगामा होने की संभावना है। विपक्ष 5 मुद्दों पर सरकार को घेरेगी।

**नीट पेपर लीक:** सीबीआई ने अब तक नीट-यूजी पेपर लीक मामले में 12 गिरफ्तारियां की हैं। 7 राज्यों की पुलिस ने 45 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एनटीए ने राज्य, शहर और केंद्रवार परिणाम घोषित किया है। लेकिन विपक्ष इस मुद्दे पर हंगामा कर सकता है।

**अग्निवीर (बेरोजगारी) :** मुंबई में एक कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा था कि पिछले 4 सालों में 8 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है। विपक्ष इस डेटा पर सरकार को घेर सकता है। वहीं, जेडीयू प्रवक्ता केसी त्यागी ने भी अग्निवीर पर बदलाव की मांग की है।पिछले सत्र में राहुल गांधी ने संसद में अग्निवीरों को मिलने वाले मुआवजे पर सवाल उठाए थे। ऐसे में इस बात की पूरा संभावना है कि विपक्ष मानसून सत्र में भी यह मुद्दा उठा सकता है।

**जम्मू और कश्मीर में आतंकवादी हमले:** 2021 से जम्मू में 22 आतंकवादी घटनाएं हुई हैं। इन 3 वर्षों में 47 सैनिक शहीद हुए और 23 नागरिक मारे गए। सरकार बनने के बाद से जम्मू और कश्मीर में जून और जुलाई में 7 आतंकवादी हमले हुए हैं, जिनमें 11 सैनिक शहीद हुए हैं।

**मणिपुर हिंसा :** राहुल गांधी ने पिछले सत्र के अंत के बाद मणिपुर का दौरा किया। राहुल लगातार मणिपुर मुद्दे पर प्रधानमंत्री को निशाना बना रहे हैं। मणिपुर में हिंसा की घटनाएं फिर से बढ़ रही हैं। विपक्ष इस मुद्दे को लेकर लगातार केंद्र सरकार पर निशाना साध रहा है। मणिपुर में ताजा हिंसा के बाद विपक्ष मानसून सत्र के दौरान यह मुद्दा उठा सकता है।

**ट्रेन दुर्घटनाएं:** रेलवे ने 2022-23 में कम से कम 5000 किलोमीटर मार्ग पर कवच लगाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन जून 2024 तक यह केवल 1500 किलोमीटर ट्रैक पर ही लगाया गया है। हाल ही में कंचनजंगा और डिब्रुगढ़ ट्रेन दुर्घटनाओं में करीब दर्जन भर लोगों की मौत हो चुकी है। ऐसे में विपक्ष इस मुद्दे को संसद में उठा सकता है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावः प्रेसिडेंट जो बाइडेन ने खत्म की अपनी दावेदारी

## कहा- देश हित में मेरे लिए पीछे हटना ही बेहतर



वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर रविवार देर रात बड़ा अपडेट सामने आया। दुनिया की महाशक्ति के मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन ने प्रेसिडेंट इलेक्शन की दौड़ से हटने का फैसला लिया। उन्होंने एक पत्र लिखकर राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी दावेदारी खत्म की है। पत्र में 81 वर्षीय बाइडेन ने कहा कि देश हित में मेरे लिए पीछे हटना ही बेहतर है। 81 वर्षीय अमेरिकी राष्ट्पति बाइडन की मानसिक सेहत का जिक्र करते हुए रिपबल्किन खेमे की तरफ से लगातार उनके प्रत्याशी बने रहने पर सवाल खड़े किए जा रहे थे।

इसी बीच रविवार देर रात आई खबर के मुताबिक बाइडन ने अपना अभियान समाप्त करने का ऐलान किया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब डेमोक्रेटिक पार्टी में बाइडेन के स्थान पर कमला हैरिस को मौका मिलेगा। राष्ट्रपति बाइडेन ने उनके नाम का समर्थन किया है। हैरिस अभी वाइस प्रेसिडेंट हैं। दूसरा नाम पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की पत्नी मिशेल ओबामा का भी सामने आ रहा है। दूसरी ओर, विरोधी रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प गोली कांड के बाद आक्रामक प्रचार कर रहे हैं।

# आज से छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र, विपक्ष ने कहा- जनता के हित में पूछेंगे सवाल, सत्ता पक्ष भी तैयार



रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा पहले से और अधिक डिजिटल होती जा रही है। इस बार 22 से 26 जुलाई तक प्रस्तावित विधानसभा के मानसून सत्र में कोई भी विधायक सदन में ऑनलाइन-ऑफलाइन दोनों ही तरीके से ध्यानाकर्षण या स्थगन प्रस्ताव की सूचना दे सकेंगे। ध्यानाकर्षण की ऑनलाइन सूचना दो घंटे पहले तक दी जा सकेगी। हालांकि इसकी जानकारी आफलाइन भी देनी होगी। बता दें कि विधानसभा के 90 प्रतिशत सदस्य ऑनलाइन ही प्रश्न पूछ रहे हैं। यह एक बदलाव का संकेत माना जा रहा है।

### कुछ विधायक ऑनलाइन काम में असहज

हालांकि सुदूर अंचल के कुछ विधायक अभी भी पूरी तरह से डिजिटल होने में खुद को असहज पा रहे हैं। विधानसभा के वरिष्ठ सूचना अधिकारी अधिकारी जीएस सलूजा ने बताया कि विधानसभा में कागज यानी पेपर को कम करने के लिए प्रक्रिया चल रही है। अब प्रशासनिक प्रतिवेदन की हार्ड कापी केवल विधानसभा के सदस्यों को दी जाती है। बाकी पत्रकार दीर्घा के पत्रकारों को भी आनलाइन या सीडी के माध्यम से प्रशासनिक प्रतिवेदन दिया जा रहा है।

### कांग्रेस सरकार को घेरने के लिए बना रही रणनीति

छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रश्न, स्थगन प्रस्ताव व ध्यानाकर्षण को लेकर भी आनलाइन प्रक्रिया कर रहे हैं। 22 से 26 जुलाई तक प्रस्तावित सत्र में कांग्रेस के विधायकों ने कानून व्यवस्था समेत तमाम मुद्दों को लेकर राज्य सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की है। बताया जाता है कि कांग्रेस कानून अव्यवस्था, बलौदाबाजार कांड, मलेरिया, डायरिया आदि मुद्दों पर ध्यानाकर्षण लाएगी। इसके अलावा आरंग मॉब लिंचिंग, बिजली कटौती, बिजली बिल, गोठनों को बंद करने जैसे प्रमुख मुद्दे भी उठेंगे। विष्णु देव साय सरकार में प्रदेश की जर्जर कानून व्यवस्था व शासन प्रणाली के खिलाफ सदन से लेकर सड़क की लड़ाई हम लड़ेंगे। जनता के हित में सारे सवाल पूछे जाएंगे। चाहे कानून व्यवस्था का मामला हो या फिर बलौदाबाजार हिंसा कांड, बेमेतरा कांड, माब लींचिंग, फर्जी नक्सली मुठभेड़ आदि मुद्दों पर सरकार से सवाल पूछेंगे।

### कांग्रेस को जवाब देने को तैयार भाजपा

इधर, सूत्रों के अनुसार शुक्रवार देर शाम को मुख्यमंत्री निवास में हुई भाजपा विधायक दल की बैठक में विधायकों से कहा गया है कि राज्य सरकार ने पिछले छह-सात महीने में जितने भी जनकल्याणकारी काम किए हैं उनकी जानकारी रखें ताकि सदन के भीतर बेहतर बोल सकें। भाजपा विधायक कांग्रेस के हर मुद्दे को विफल करने के लिए रणनीति बना ली है। इसमें खासकर किसानों, महिलाओं, गरीबों, युवाओं, श्रमिकों समेत तमाम वर्ग के लिए किये गए कार्यों पर सभी ने अपनी तैयारी की है। पूर्व मंत्री राजेश मूणत प्रदेश में सीएम विष्णु देव साय की सरकार की तरफ उंगली उठाने वाले पहले अपनी तरफ उंगली उठाएं।

# नेपाल के पीएम ओली ने जीता विश्वास मत, दो तिहाई सांसदों का मिला समर्थन



काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने रविवार को संसद में विश्वास मत हासिल कर लिया। दो तिहाई से ज्यादा सांसदों ने ओली का समर्थन किया। एक सप्ताह पहले सोमवार को गठबंधन सरकार की अगुआई करने के लिए उन्होंने चौथी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

विश्वास मत पेश करते हुए ओली ने इस महीने के शुरू में नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल के बीच हुए सात सूत्री समझौते को सार्वजनिक किया। 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में रविवार को उपस्थित 263 सदस्यों में से 188 ने ओली के पक्ष में, जबकि 74 ने विरोध में मतदान किया। एक सदस्य मतदान से बाहर रहे। ओली को 138 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता थी। नेपाल के संविधान के अनुसार, नियुक्ति के 30 दिन के भीतर ओली के लिए विश्वास मत हासिल करना अनिवार्य था। विपक्षी पार्टियां सीपीएन-माओवादी सेंटर, सीपीएन-एकीकृत समाजवादी, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी एवं अन्य ने ओली के विरोध में मतदान किया। मतगणना के बाद स्पीकर देवराज धीमिरे ने ओली के विश्वासमत हासिल करने की घोषणा की।

### नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका संविधान पीठ को भेजी

दूसरी ओर प्रधानमंत्री के रूप में ओली की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने संविधान पीठ के पास भेज दी है। कोर्ट ने गंभीर संवैधानिक व्याख्या की आवश्यकता का हवाला दिया है। सोमवार को शपथ ग्रहण के कुछ घंटों के भीतर ही तीन वकीलों ने शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल कर ओली की नियुक्ति को असंवैधानिक बताते हुए उसे रद्द करने की मांग की थी।

# पंचायत सचिवों का होगा शासकीयकरण : बनाई गई समिति



रायपुर। छत्तीसगढ़ के पंचायत सचिवों की नौकरी सरकारी होने जा रही है। पंचायत सचिवों के शासकीयकरण को लेकर सरकार ने समिति का गठन किया है। प्रदेश के पंचायत विभाग के सचिव को समिति का प्रमुख बनाया गया है। यह समिति 30 दिन के अंदर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। प्रदेश में करीब 6000 पंचायत सचिव हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद समिति का गठन किया गया है।

दरअसल, 7 जुलाई को पंचायत दिवस के दिन रायपुर में मुख्यमंत्री ने पंचायत सचिवों से उनके सरकारीकरण का वादा किया था। तब मुख्यमंत्री प्रदेश पंचायत सचिव संघ, छत्तीसगढ़ की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए थे।

विभाग के सचिव की टीम 30 दिन में सरकार को सौंपेगी रिपोर्ट

### 57 दिन हड़ताल पर थे सचिव

पंचायत सचिव सरकारीकरण किए जाने की मांग लेकर पिछले साल हड़ताल पर थे। करीब 57 दिनों तक चली हड़ताल में गांव के पंचायत दफ्तरों में होने वाले काम-काज ठप थे। चुनावी महीने में भाजपा ने इन सभी से वादा किया था कि सरकार बनेगी तो इनके शासकीयकरण पर काम होगा।

अब सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग राजेश सिंह राणा को इस समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राणा के साथ इस समिति में संचालक, पंचायत संचालनालय प्रियंका ऋषि महोबिया सदस्य बनाई गई हैं। साथ ही सचिव और वित्त नियंत्रक, विकास आयुक्त कार्यालय मो. यूनूस को भी सदस्य बनाया गया है।

# छत्तीसगढ़ में अब तहसीलदार सुधार सकेंगे जमीन के रिकॉर्ड की गलतियां

रायपुर। छत्तीसगढ़ में भू-स्वामियों को पटवारी रिकॉर्ड की गलतियों में सुधार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। राजस्व रिकॉर्ड में नाम सुधारना, खसरा सही नहीं होना, पटवारी रिकॉर्ड में गलती आदि राजस्व त्रुटियों के लिए अब अनुविभागीय कार्यालय (एसडीएम) के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी।

राज्य सरकार ने ऐसे प्रकरणों के लिए एसडीएम कार्यालय के स्थान पर अब तहसीलदारों को अधिकृत किया है। इससे पहले आम आदमी, किसानों को ऐसे प्रकरणों के लिए एडीएम दफ्तर के चक्कर काटने पड़ते थे। पटवारी रिकॉर्ड में दर्ज त्रुटियों को सुधारने के लिए अब तहसील कार्यालय से काम हो जाएगा। तहसीलदार को भूमि स्वामी उसके पिता, पति के नाम, उपनाम, जाति, पते में लिपिकीय त्रुटि आदि सुधार करने अधिकृत किया गया है।

छत्तीसगढ़ में वर्तमान में राजस्व के 1.76 लाख से अधिक मामले लंबित हैं। सरकार के इस निर्णय के बाद लोगों को राहत मिलेगी। बदले नियमों की अधिसूचना राजपत्र में भी प्रकाशित कर दी गई है। नईदुनिया ने राजस्व विभाग से संबंधित खामियों को लेकर लगातार अभियान चलाया, जिसके बाद सरकार ने राजस्व शिविर लगाया। अब एक और बड़ा फैसला लिया है।

छत्तीसगढ़ में खेती-किसानी का सीजन शुरु हो चुका है। राज्य सरकार ने राजस्व के लंबित मामलों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। तहसीलदारों के अधिकारों में की गई बढ़ोतरी को भी इसी दिशा में किया गया प्रयास माना जा रहा है। नाम, पता सहित पटवारी रिकार्ड में गलतियों को सुधारने के लिए पहले एसडीएम कार्यालय में आवेदन देना पड़ता था। वहां से यह आवेदन तहसीलदार को भेजा जाता था। तहसीलदार, पटवारी को प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश देते थे। यह प्रतिवेदन पुनः एसडीएम कार्यालय भेजा जाता था। अब सीधे तहसील कार्यालय में आवेदन करना होगा, यहीं से त्रुटि सुधार किया जाएगा।

# बस्तर से कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल होंगे उप नेता-प्रतिपक्ष

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र कल 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसे लेकर कांग्रेस की तैयारी भी शुरू हो गई है। रायपुर के एक होटल में आज कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई.

विधायक दल की बैठक में नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने बताया कि बैठक में बस्तर से कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल को उप नेता-प्रतपिक्ष बनाने पर सभी सहमत हुए जिसके बाद अब आखिरी फैसले के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व के पास उनका नाम भेजा जाएगा.







# आज सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बॉन्ड योजना पर सुनवाई, एसआईटी जांच की मांग पर फैसला सुनाएगा कोर्ट



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को उन याचिकाओं पर सुनवाई करेगा, जिनमें इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए राजनीतिक पार्टियों को उद्योग जगत से मिले चंदे की एसआईटी जांच कराने की मांग की गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस साल फरवरी में अपने एक फैसले में चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया था। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड जारी करने वाले बैंक एसबीआई के चुनावी बॉन्ड जारी करने पर तुरंत रोक लगा दी थी। चुनावी बॉन्ड योजना के तहत राजनीतिक दलों को गुमनाम तरीके से चंदा देने का प्रावधान था। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर गौर किया और कहा कि दो गैर सरकारी संगठनों कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंट्रेस्ट लिटिगेशन (सीपीआईएल) की जनहित याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं।

# किरंदुल में 'जलजला': एनएमडीसी का डैम टूटा, पानी में बही गाड़ियां, जान बचाकर भागे लोग



दंतेवाड़ा। इस बार की बारिश आफत बनकर आई है। लोग आये दिन भारी बारिश से परेशान हैं। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल नगर में अतिवृष्टि के कारण रविवार को एनएमडीसी का डैम टूट गया। बंगाली कैम्प के ऊपर 11-सी का बांध टूटने से कई मकान पानी की जद में आ गये। पानी का रौद्र रूप देखकर सभी लोग सहम गये। कई लोग जान बचाकर भागे। इस दौरान कई गाड़ियां पानी में बह गईं तो कई जद्दोजहद करती दिखीं। ऐसे में लापता छह वर्षीय बालक घंटों मशक्कत के बाद वापस मिला। सोशल मीडिया पर कई खतरनाक वीडियो सामने आ रहे हैं।

अधिक बारिश होने के कारण डैम क्षतिग्रस्त हो गया। इस वजह से कई घर बाढ़ की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इस संबंध में जिला प्रशासन ने तत्काल लोगों को सुरक्षित स्थान ले जाया गया है। इसके अलावा किरंदुल के गाटर पुलिया एवं सीएससी सेंटर के पास भी बारिश से जल जमाव होने से जेसीबी मशीन से रोड की साफ-सफाई की गई। जिला प्रशासन ने निचली बस्तियों में जलभराव को देखते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जा रहा है।

इसके साथ ही जिला प्रशासन मौके पर तैनात होकर रेसक्यू कर रहा है। प्रभावित परिवारों को मंगल भवन में ठहराया गया है। इस दौरान ट्यूशन पढ़ाने जा रहे बच्चे, जो बाढ़ की चपेट में आ गए थे उन्हें भी रेस्क्यू कर बचाया गया। उनको अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वर्तमान में उनकी स्थिति सामान्य है। जिला प्रशासन ने लगातार भारी बारिश के कारण बाढ़ग्रस्त क्षेत्र के समीप रहने वाले लोगों को अन्य जगह शिफ्ट होने की हिदायत दी जा रही है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। स?क पर कई गाड़ियां बहती नजर आईं। बांध टूटने से वाहन मालिकों को भारी नुकसान पहुंचा है। बस्तर के कई जिलों में बारिश ने आफत मचाई है। सुकमा जिले में बाढ़ के हालात नजर आ रहे हैं। वहीं बीजापुर में भी जनजीवन प्रभावित है। कई गांवों से संपर्क टूट गया है।

दूसरी ओर बीजापुर से हैदराबाद जाने वाली मार्ग को भोपालपटनम के आगे रामपुरम कैम्प के पास इंद्रावती नदी व रामपुरम नाले के बैक वाटर ने रास्ता रोक दिया हैं। यहां मुख्य मार्ग पर करीब 4 से 5 फीट पानी आ जाने से बीजापुर से तेलंगाना का सड़क संपर्क टूट गया है। दोनो तरफ फंसे यात्रियों को प्रशासन ने आश्रमों में रुकवाने की व्यवस्था की है। वही कांग्रेस का एक दल भी यात्रियों की मदद को पहुंचकर उन्हें खाना पानी मुहैया कराया है।

# गुरू-शिष्य के आत्मीय संबंधों का पर्व गुरू पूर्णिमा की रही धूम



राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित पूरे अंचल भर में गुरू पूर्णिमा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। आषाढ़ मास के शुक्लपक्ष की पूर्णिमा के दिन इस धरा पर जन्म लेने वाले श्री कृष्ण दैपायन 'व्यास जी' की जयंती गुरू पूर्णिमा के रूप में पूरी श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाई गई। 4 वेद + 8 पुराण + 8 उपनिषद सहित पंचम वेद महाभारत के रचयिता भगवान वेदव्यास जी सहित अब तक जितने भी गुरू हुए है उन सबको कृतज्ञता पूर्वक याद करते हुए गुरू भक्तों एवं शिष्योजनों ने गुरू पूर्णिमा का पर्व भजन-पूजन, जप-तप, ध्यान, उपासना करके मनाया, वहीं आनुष्ठानिक कार्यक्रम में यज्ञादि का आयोजन कर गुरूओं के नाम आहूति प्रदान की गई। इस दौरान सत्गुरू कबीरदास जी से लेकर गुरू प्रवर रामकृष्ण परमहंस, विरजानंद, गुरू समर्थ रामदास, गुरूनानक, गुरू गोविंद पाद, जगत गुरू शंकराचार्य, गायत्री परिवार के संस्थापक श्रीराम शर्मा आचार्य सहित योग वेदांत सेवा समिति व विश्वजागृति मिशन के सुधांशु महाराज, आशाराम बापू, बर्फानी बाबा, मौनी बाबा आदि गुरू देवआदि पूजे गए व गुरू महिमा का गान करते हुए मंत्रमूलं, गुरोवाक्य, मोक्षमूलं, गुरूकृपा जैसे सूक्ति वाक्य कहे गए और तस्मै श्री गुरूवै नमः कर समस्त गुरूओं को प्रणाम किया गया।

**यज्ञ-हवन-जप-तप ध्यान उपासना सहित भजन-पूजन का बना रहा माहौल**

### जगह-जगह गुरू पूजन का आयोजन

बता दे कि गुरू पूर्णिमा पर शहर सहित पूरे जिले भर में गुरू पूजन, पाद वंदन का आयोजन किया गया। शहर में जहां गायत्री शक्तिपीठ में वेदमूर्ति तपोनिष्ठ आचार्य श्रीराम शर्मा जी की पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा वंदना की गई वहीं बफर्नी आश्रम में योगाधिराज बफर्नी बाबा का अभिषेक कर श्रृंगारादि के द्वारा आरती पूजन किया गया। इसी तरह विश्व जागृति मिशन सुधांशु महाराज का भव्य दरबार सजाकर उसे गुरू रूप में पूजा गया। गुरू पूर्णिमा पर श्री गणेश मंदिर मिथिलाधाम में पूज्य श्री मौनी बाबा जी पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ पूजे गए वहीं मंदिर समिति द्वारा पूज्य दादा गुरूदेव शास्त्री जी व बर्फानी दादा को याद कर उनके चरणों में श्रद्धा के पुष्प अर्पित किए गए।

इसी क्रम में स्टेशन पारा में महाराष्ट्रीयन तेली समाज द्वारा संत संता जी जगनाडे महाराज की पूजा अर्चना कर गुरू पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। इसी तरह पुराना ढाबा में सदगुरू कबीर जी की महिमा पाठ कर सत्संग भजन आरती के साथ गुरू पूर्णिमा का पर्व मनाया। शहर में जैन समाज द्वारा युगप्रधान दादा श्री जिनदत्त सुरीश्वर जी की पूजा अर्चना की गई। वहीं चक्रधर कत्थक कल्याण समिति द्वारा बलभद्र राधाकृष्ण मंदिर में नृत्य समागम कर गुरू पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। वहीं तुलसीपुर के श्री सांईनाथ पीर पैगम्बर दरबार में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माँ दुर्गा एवं श्री सांई बाबा का अभिषेक व आरती पूजन कर गुरूपूर्णिमा का पर्व मनाया गया। बता दे कि शहर के पाताल भैरवी मंदिर में इन दिनों हनुमंत यज्ञ व श्रीमद भागवत कथा का आयोजन चल रहा है, अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक मुकुन्द महाराज द्वारा गुरू पूजन-वंदन कर गुरू भक्तों व श्रद्धालुजनों में महाप्रसादी वितरण कर गुरू पूर्णिमा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया।

## मिथिलाधाम मंदिर में गुरूपूजन धूमधाम से संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। गुरूपूर्णिमा के शुभ अवसर पर मिथिलाधाम मंदिर राजनांदगांव में गुरूपूजन धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री शिवशक्ति यज्ञ का पूर्णाहूति श्रीराम नाम संकीर्तन का सम्पन्न तथा रामायण नवान्ह पाठ का समापन हुआ। गुरूपूजन के पश्चात मौनी बाबा का भंडारा हुआ सभी आगन्तुक भक्त गण प्रसाद प्राप्त कर गुरूदेव के साथ अयोध्या धाम दल्ली राजहरा के लिए रवाना हो गए। पूज्य गुरूदेव मौनीबाबा श्रावण मास मे शिव अभिषेक करेंगे। मिथिला धाम मंदिर मे उग्र नारायण महाराज के द्वारा मंदिर प्रांगण में स्थापित बाबा वैद्यनाथ शिव लिंग का पूजन अभिषेक यजमान मनोज चौधरी के द्वारा संपन्न होगा और कांवर से जल लाकर बाबा वैद्यनाथ को समर्पित किया जाएगा। उक्त जानकारी मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने दिया।

## झमाझम बारिश के बाद सड़कों का हाल बेहाल



**राजनांदगांव ( दावा )। झमाझम बारिश के बाद सड़कों का हाल बेहाल जगह दरारें, गिट्टियाँ निकल रही है, गड्ढे जिसमें पानी भरा हैं, कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। मेंटेनेंस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया था, बारिश के पूर्व आज वह तालाब में तब्दील हो गया है। कई लोगों के गाड़ियों के हिसकोले खा रहे हैं, ऐसे कमर की शिकायत लेकर डॉक्टर के पास पहुंच रहे।**

## पहला कॉलम...

### आज विद्यालयों में मनाया जाएगा गुरू पूर्णिमा उत्सव

राजनांदगांव (दावा)। शासन के निर्देशानुसार गुरू पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में आज 22 जुलाई को गुरू पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। गुरू पूर्णिमा उत्सव पर विद्यालयों में वीणा वादिनी माँ सरस्वती वंदना, गुरू वन्दना एवं दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण, प्रार्थना सभा के पश्चात प्रार्थना स्थल पर शिक्षकों द्वारा गुरू पूर्णिमा के महत्व एवं पारम्परिक गुरू-शिष्य संस्कृति पर प्रकाश, प्राचीन काल में प्रचलित गुरूकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति पर प्रभाव पर निबंध लेखन, गुरूजनों एवं शिक्षकों का सम्मान, शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गुरू संस्मरण पर संभाषण का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर साधु-संतों, गुरूजनों, शिक्षकों, सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं पूर्व छात्रों, आमजनों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

### कला संकाय संघ का कल 23 जुलाई को धरना प्रदर्शन

रायपुर (दावा)। कला संकाय प्रशिक्षण कल्याण संघ छत्तीसगढ़ का प्रदेश अध्यक्ष कमलेश्वर यादव, आदित्य कुमार की अगवाई में नया रायपुर स्थित धरना स्थल तूता तलाब में 33 हजार शिक्षक भर्ती की मांग जो अभी तक सरकार द्वारा नहीं किया गया है वहीं विगत 13 सालों से कला संकाय के विद्यार्थियों का अनदेखी करते हुए कला संकाय में सरकार द्वारा शिक्षकों का भर्ती नहीं किया गया जिसको लेकर कला संकाय प्रशिक्षण संघ छत्तीसगढ के छात्र-छात्राएं कल 23 जुलाई एक दिवसी धरना प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार का ध्यान अपनी और आकर्षित करेंगे।

### जितेन्द्र वैष्णव का निधन



डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम अर्जुनी निवासी जितेन्द्र वैष्णव का आकस्मिक निधन गत 14 जुलाई रविवार को हो गया है, इनका अंतिम संस्कार ग्राम अर्जुनी के शमशान घाट में ही किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए।

### विश्वनाथ शर्मा का निधन




डोंगरगढ़(दावा)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भंडारपुर निवासी विश्वनाथ शर्मा का देहावसान 20 जुलाई रात्रि 8.00 बजे हो गया। श्री शर्मा का अंतिम संस्कार रविवार की सुबह ग्राम खैरागढ़ विकासखंड के गृहग्राम भण्डारपुर में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गये है।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार तीसरा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
भैरा उका के कामेडी के डोज... पारिवारिक फिल्म
मोहित साहू कृत
हण्डा
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - अमलेश नागेश, अमृता कुशवाहा, अनिल सिन्हा, नीरज उइके, धर्मेन्द्र साहू आदि



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
19th July to 25th July 2024



Handa (C.G)- 12:15, 03:15, and 06:15 pm
Sarfira - 12:00, 03:00 and 09:30 pm
Bad Newz - 12:30, 03:30, 06:30 & 09:00 pm
Kalki 2898 AD - 06:00 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# ऐतिहासिक होगा विधानसभा घेराव: राजेन्द्र साहू



**24 को होने वाले घेराव में बड़ी संख्या में जिले के कांग्रेसजन होगे शामिल**

राजनांदगांव(दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रस्तावित विधानसभा घेराव के संबंध में शहर एवं जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक 21 जुलाई रविवार को प्रभारी वरिष्ठ नेता राजेंद्र साहू की उपस्थिति में रखी गई जिसमें राजनांदगांव जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में विधानसभा घेराव के लिए सभी कांग्रेसजन चर्चा की गई तथा जिम्मेदारियां बांटी गई। बैठक का संचालन कर रहे शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य की लचर कानून व्यवस्था, अपहरण, लूटपाट, हत्या तथा विगत दिनों बलौदाबाजार जिले में घटित आगजनी के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार दिनांक 24 जुलाई को रायपुर में विधानसभा घेराव किया जा रहा है जिसके लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त जिले के प्रभारी राजेंद्र साहू की अध्यक्षता में स्थानीय सतनाम भवन में जिला ग्रामीण एवं शहर कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक लेकर पदाधिकारीयों, जनप्रतिनिधियों को आवश्यक जिम्मेदारियां दी गई। जिससे पूरे राजनांदगांव जिले की चारों विधानसभाओं से अधिक से अधिक संख्या में राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ आयोजित विधानसभा के चुनाव में अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

स्वागत भाषण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू ने दिया और कहा कि 8 माह की प्रदेश की भाजपा सरकार के राज में अपहरण लूटपाट हत्या तथा कानूनी व्यवस्था की स्थिति दिन प्रतिदिन बद से बद्तर होते जा रही है इसके विरोध में यह विधानसभा घेराव प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार किया जा रहा है।

विधानसभा घेराव के प्रभारी वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र साहू ने कांग्रेसियों को संबोधित करते हुए कहा कि छह माह में ही भाजपनीत साय सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है, चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है, नक्सली गतिविधियां बढ़ी है, ऐसे कई अनगिनत मुद्दों को लेकर आने वाले 24 जुलाई को साय की कुंभकरणी निंद्रा को जगाने प्रदेश स्तरीय घेराव किया जा रहा है।

इस बैठक को प्रमुख रूप से महापौर हेमा देशमुख, पूर्व मंत्री धनेश पाटीला, विधानसभा प्रभारी बृजेश शर्मा, पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, श्रीमती छन्नी साहू वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री श्रीमती शारदा तिवारी ने संबोधित किया। इस बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश महामंत्री शाहिद खान थानेश्वर पाटील, मेहुल मारू, ग्रामीण प्रभारी सुजीत बघेल, कमलजीत सिंह पिंटू, रमेश डाकलिया, कुतुबुद्दीन सोलंकी, सुदेश देशमुख, अंजुम अल्वी, पदम सिंह कोठारी, रूपेश दुबे, माया शर्मा, विवेक वासनिक, श्रीमती रुबीना अल्वी, मोहम्मद याहया, हनी ग्रेवाल, झम्मन लाल देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, योगेंद्र प्रताप सिंह, मनीष गौतम, राहुल तिवारी, गुरभेज सिंह माखीजा, नीरज कनौजे, पार्षद पूर्णिमा नागदेवे, मनीष साहू, भागचंद साहू, प्रतिमा बंजारे, प्रवीण मेश्राम, मोहम्मद इब्राहिम, जयनारायण सिंह, शकील रिजवी, रतन यादव सहित जिलेभर से आए कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ गनमैन प्रा.सि.गार्ड वेलफेयर सोसायटी ने विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**नियमावली में संशोधन की मांग की**

राजनांदगांव(दावा)। अपने एक दिन के प्रवास में पहुंचे छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को छत्तीसगढ़ गनमैन प्रा.सि.गार्ड वेलफेयर सोसायटी की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुये सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष नंदकिशोर डड़सेना के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में लाइसेंस धारी सशस्त्र प्रायवेट गनमैन, गार्ड के लिये बनाई गई नियमावली में संशोधन करने एवं प्रमुख माँगे और समस्याएं है उस विषय से सम्बंधित ज्ञापन सौंपा गया। श्री सिंह ने बातों को गम्भीरता से सुनते हुये मांग पत्र का अवलोकन किया। तदुपरांत गृह मंत्रालय को आदेशित करने हेतु मांग पत्र पी.ए. को दिया गया। समिति के उपाध्यक्ष दिनेश कुमार टण्डन के द्वारा बताया कि प्रतिलिपि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रपति, गृहमंत्री अमित शाह, भारत शासन राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री छत्तीसगढ़ विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री के नाम केंद्र एवं छत्तीसगढ़ राज्य के नाम प्रेषित किया गया।

श्री टण्डन ने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में प्राइवेट समस्त लाइसेंस धारी सशस्त्र पिस्टल एवं बड़ी हथियार लेकर बैंक, वित्तीय संस्थान, इंडस्ट्रीज, मॉल एवं प्राइवेट कंपनियों में गनमैन, गार्ड कार्यरत हैं। समस्त गनमैन, गार्ड को दी जाने वाली प्रतिमाह वेतन एवं भत्ता व ड्यूटी का समय सीमा निर्धारित किया जाए कई जगह ऐसे हैं कि ड्यूटी करने का कोई समय सीमा निर्धारित नहीं किया जा रहा है। मनमानी करते हुए गनमैन, गार्ड को प्रताड़ित किया जाता है। इस तरह संपूर्ण भारत वर्ष में गनमैन, गार्ड का शोपण किया जा रहा है। प्रमुख मांगे शासन के द्वारा सिक्यूरिटी मानिटरिंग कमेटी गठित किया जावे जिसमें गनमैन एसोसिएशन से पदाधिकारी को सदस्य मनोनीत किया जावे, राज्य के समस्त सुरक्षा गार्डस का वेतनमान क्रमशः होना चाहिए, एक्स मैन आर्मस गार्ड का मासिक वेतन 50 हजार, सिविलियन आर्मस गार्डस का मासिक वेतन 40 हजार, सिक्युरिटी गार्ड का मासिक वेतन 30 हजार होना चाहिए, शासन को यह निर्धारित करना होगा कि जिस राज्य का मूल निवासी है।

उनको पहले प्राथमिकता मिलना चाहिए नवीन शस्त्र लाईसेंस जारी होते ही शस्त्र धारक का बीमा सुनिश्चित किया जाये। जिस राज्य में राज्य स्तरीय पंजीकृत गनमैन, गार्ड प्राइवेट सिक्यूरिटी समिति को गनमैन, गार्ड का टेंडर लागू किया जाए दूसरे राज्य के किसी भी समिति को टेंडर नहीं दिया जाए। ऐसे 28 कंडिका का निर्माण किया गया है जिसमे सिक्युरिटी गार्ड पोर्टल बनाने की भी मांग रखा गया है।

## सिवरेज वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को पूर्व पार्षद देबू ने की पूर्ण करने की मांग



राजनांदगांव(दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से क्षेत्रीय पूर्व पार्षद एवं जनहित मोर्चा के अध्यक्ष देवेंद्र मोहन लाला देबू ने बूढ़ासागर सौंदर्यीकरण के तहत शुरू हुए सिवरेज वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट जो अधूरा पड़ा है, को पूर्ण करने की मांग की है। लाला ने कहा कि यह प्लांट पूर्ण होने पर बूढ़ा सागर में नालियों का गंदा पानी शुद्ध होकर तालाब में जाएगा जिससे कि तालाब का पानी साफ रहेगा। देवेंद्र मोहन लाला ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने हाल ही में विकास के लिए राशि जारी की है, इस प्रपोजल में सिवरेज वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का भी उल्लेख है, जिससे कि यह अधूरा प्लांट पूरा होने की संभावना बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि जन भावनाओं के अनुरूप ऐतिहासिक बूढ़ा सागर तालाब को सुंदर बनाना न केवल पूर्व सांसद अभिषेक सिंह की मंशा है बल्कि स्वयं डॉ. रमन सिंह भी इस तालाब को सुंदर बनाने के इच्छुक है। उन्होंने कहा कि इस तालाब से न केवल निस्तार का काम होता है बल्कि यह तालाब मां शीतला मंदिर के बगल में स्थित होने की वजह से लोगों के लिए पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित हो सकता है। उन्होंने डॉ रमन सिंह से अनुरोध किया है कि वे इस ओर ध्यान देकर उनके द्वारा जारी राशि से इस प्लांट को पूर्ण करवाने के निर्देश दें ताकि अधूरा पड़ा काम पूरा हो सके और ऐतिहासिक बूढ़ा सागर तालाब का पानी साफ हो सके और यह क्षेत्र पर्यटन के रूप में विकसित हो सकें।

## बच्चों के लिए भारतीय संस्कृति आधारित संस्कार किट का विमोचन



राजनांदगांव (दावा)। श्रीमती रूपाली गांधी (पिता जुगल किशोर लड्ढा) जो प्रारंभ से ही गायत्री परिवार (पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी) से जुड़ी है, उन्होंने बताया कि बच्चों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास हेतु स्कूलों में शिक्षा के साथ संस्कार एक पाठ्यक्रम कोर्स के रूप में पढ़ाया जाना चाहिए क्योंकि शिक्षा जब संस्कार से जुड़ती है तो वह विद्या कहलाती है। यही विद्या एक चरित्रवान व्यक्तित्ववान पीढी तैयार करती है, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए रूपाली गांधी ने चार किताबें और 10 फ्लैश कार्ड का लेखन कर एक आकर्षक रोचक वैज्ञानिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय आध्यात्मिक, पहलुओं को अपनी किताब में सम्मिलित कर संस्कार किट का निर्माण किया है। उनका कहना है यह किट सिर्फ बच्चों नही बल्कि शिक्षकों और अभिभावकों हेतु भी बहुत उपयोगी व जानकारी परक है। खास बात यह है कि इस संस्कार किट हेतु अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पंड्या, आदरणीय शैल बाला पंड्या ने अपना आशीर्वाद पत्र प्रदान किया है। हमारे समाज, राष्ट्र का भविष्य पाठशाला में गढ़ा जा सकता है, क्योंकि विद्यार्थी अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय विद्या अध्ययन करते हुए विद्यालय में ही व्यतीत करता है, उम्र के उस पड़ाव से व्यक्ति विद्यालय में जाना प्रारंभ करता है जब उसकी ग्रहण क्षमता सीखने की क्षमता चरम पर होती है और इस समय जो भी बातें वह देखता सुनता समझता है सीखता है वह जीवन भर उसके मन मस्तिष्क पर ऐसी अमिट छाप छोड़ जाता है कि एक तरह से उसी के आधार पर उसके चरित्र और विचार पद्धति का निर्माण होता चला जाता है ऐसे में यूं कहे की व्यक्ति का बौद्धिक और चारित्रिक निर्माण बहुत कुछ उपलब्ध शिक्षा प्रणाली पर निर्भर है। आदर्श शिक्षा पद्धति ऐसी होनी चाहिए जिससे बालकों के चरित्र गठन भावनात्मक निर्माण विवेकशीलता आर्थिक स्वालंबन को विशेष महत्व दिया जाए। ऐसे में हमारी शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी परिवर्तन करना ही समय की आवश्यकता है। विद्यार्थी जीवन जीवन का स्वर्णिम काल होता है जब विद्यार्थी अपने ग्रहणशीलता की चरम पर होता है और उसका जीवन पालक और शिक्षक के मध्य एक पेंडुलम की भांति घूमता रहता है।

इस समय वह घर के वातावरण में पालकों के व्यवहार चरित्र और विद्यालय के वातावरण में शिक्षकों के व्यवहार आचरण के द्वारा बहुत कुछ सिख रहा होता है। इन उद्देश्यों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए संस्कार किट में देश के महान आदर्श व्यक्तित्व की कहानी के रूप में परिचय अच्छी-अच्छी आदतों की रोचक जानकारी, शुभ चिन्ह की अभ्यास पुस्तिका, योग दिनचर्या व भारतीय सांस्कृतिक धरोहरों की संपूर्ण जानकारी पूरे वैज्ञानिक तथ्यों के साथ वह एक्टिविटी एक्सरसाइज सहित तैयार की गई है जिसका विमोचन गुरु पूर्णिमा के पावन दिन गायत्री शक्तिपीठ में वरिष्ठ परिजनों मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, बृजकिशोर सुरजन, जुगल किशोर लड्ढा, जयंती भाई पटेल, कमल गांधी, शशि सुरेश गट्टानी, ओमप्रकाश लड्ढा, नायर मैडम, पिंकी मैडम, राधा लड्ढा, सुषमा सुरजन, इंदू श्रीवास्तव, लश्करे मां एवं सभी वरिष्ठ भाइयों बहनों के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन गगन लड्ढा ने किया ।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के चार वर्ष पूरे होने पर विद्यालयों में शिक्षा सप्ताह का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त एवं निजी विद्यालयों में शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। शिक्षा सप्ताह में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मूल भावना को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। जिले के सभी विद्यालयों में दिवसवार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होगा। सप्ताह के पहले दिन सोमवार 22 जुलाई को टीएलएम दिवस में शिक्षकों को स्थानीय सामग्री के प्रदर्शन एवं कक्षा में इनके उपयोग हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार 23 जुलाई को एफएलएन दिवस में एफएलएन के क्रियान्वयन हेतु सभी हितधारकों के मध्य जागरूकता विकसित की जाएगी। सप्ताह के तीसरे दिन बुधवार 24 जुलाई को खेल दिवस में खेल और फिटनेस के महत्व हेतु प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सप्ताह के चौथे दिन गुरूवार 25 जुलाई को सांस्कृतिक दिवस में विद्यार्थियों में विविधता में एकता की भावना विकसित करने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सप्ताह के पांचवें दिन शुक्रवार 26 जुलाई को कौशल एवं डिजिटल पहल दिवस में विभिन्न कौशलों को बढ़ावा देने व सीखने में डिजिटल पहल को प्रोत्साहित किया जाएगा। सप्ताह के छठवें दिन शनिवार 27 जुलाई को मिशन लाइफ व इको क्लब दिवस में स्कूलों में इको क्लब का गठन, एक पेड़ माँ के नाम का आयोजन, स्कूलों में पौधरोपण किया जाएगा। सप्ताह के सातवें दिन रविवार 28 जुलाई को सामुदायिक भागीदारी दिवस में स्थानीय समुदाय, जनप्रतिनिधि, पालक, एसएमसी, पीटीए, पंचायती राज संस्थाओं से मिलकर अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# भारी बारिश से नदी-नाले बौराए... मोंगरा बैराज से छोड़ा गया पानी

## शिवनाथ नदी का बढ़ा जल स्तर... बाढ़ के साथ सेल्फी लेने पहुंच रहे लोग... सुरक्षा हेतु पुलिस नदारत





राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित जिले भर में रूक-रूककर ही सही लेकिन अच्छी और भारी बारिश हो रही है। लगातार बारिश की बनी स्थिति से नदी-नालों में पूर की नौबत आ गई है। वही जिले के सबसे बड़े बांध मोंगरा में ज्यादा जल भराव होने की वजह से बांध से पानी छोड़ना पड़ रहा है। इससे जिले के नदी-नाले बौराने लगे है। शहर की जीवन दायिनी नदी शिवनाथ का जल स्तर बढ़ गया है। दो-तीन दिनों से जिले में हो रही भारी बारिश की वजह से नदी-नालों के बौराए जाने को देखते हुए प्रशासन एलर्ट हो गया है। इधर शिवनाथ में पानी बढ़ते ही लोगों का हुजुम उसे देखने के लिए बढ़ रहा है लोग नदी तट पर सेल्फी लेने का प्रयास कर रहे है। जिससे दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है।

बता दे कि पिछले तीन दिन से गरज-चमक के साथ हो रही बारिश से गर्मी थोड़ी शांत हुई है वही उमस से जूझ रहे लोगों को थोड़ी राहत भी मिली है। लेकिन दिन में दसियों बार हो रही बिजली गुल ने लोगों की टेंशन बढ़ा रखा है। ऐसा नहीं है कि अभी दो-तीन दिनों से हो रही बारिश की वजह से तार टूट जाने या अन्य कोई वजह से बिजली गुल की जा रही है। बगैर पानी बारिश के भी पखवाड़े भर से ऐसे ही हालात बने हुए है। लोग शिकायत कर कर के थक चुके है लेकिन बिजली विभाग किसी के खुलने से खाली नहीं। केवल मेटनेंस के नाम पर बिजली गुल कर लोगों को परेशान पर परेशान किया जा रहा है। शहर से ज्यादा बिजली गुल की बुरी स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों की है। बिजली गुल से परेशान बिजली विभाग के

### बिजली ने रूलाया जी भर

खिलाफ आन्दोलन का सोचने लगे है।

### सफाई व्यवस्था की खुली पोल

बता दे कि लम्बे समय बाद मेहरबान हुए इन्द्र देवता ने ऐसी बारिश कि शहर की सफाई व्यवस्था की पूरी पोल खोल कर रख दी। नाले-नालियों की समुचित सफाई नहीं होने के कारण शहर के वार्ड मोतीपुर, राजीव नगर, इंदिरा नगर, बसंतपुर सहित कई निचली बस्तियों में पानी भर गया। लोगों के घरों व दुकानों में नाले-नालियों का पानी प्रवेश कर गया। कई घरों में आलम यह रहे कि घर के बर्तन व अन्य सामान आदि से तैरने लगे। जिन घरों व बस्तियों में बारिश का पानी भरा रहा वे लोग इस हालात में कैसे रात गुजारी होगी वही जाने। पीड़ित लोग निश्चय ही शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम को रात भर कोसे होंगे।

### नलों में एक टाइम पानी

बता दे कि बिजली गुल होने की वजह से टांकाघर में पानी स्टोरेज नहीं हो सक रहा। इससे शहरवासियों को नलों से सिर्फ एक टाईम पानी मिल रहा है। कई वार्डों के नलों में पानी ही नहीं आ रहा। बारिश के दिनों में पानी की किल्लत सिर्फ बिजली विभाग की देन है। पटरी पार के कुछ हिस्सों में शनिवार की सुबह 9 बजे बाद सप्लाई शुरू हुई। रविवार को भी यही हालात देखे गए। बिजली गुल होने के कारण लोगों के घरों में छत पर लगी टंकियों में पानी स्टोरेज नहीं हो पाया जिससे नहाने धोने व पीने के पानी से लेकर निस्तारी के लिए परेशान होना पड़ा। लोगों को निस्तारी के लिए बोर, कुए व तालाब का सहारा लेना पड़ा। मोतीपुर क्षेत्र के वार्ड नं. 2 निवासी बसंत सोनी ने बताया कि उसके वार्ड में नल ही नहीं खुल रहा। वार्डवासियों को पानी के लिए खासी दिक्कते उठानी पड़ रही है।

### बांध से छोड़ा गया पानी

वंनाचल क्षेत्र में शुरू से ही अच्छी बारिश होने के खबर है। जिससे अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के मोंगरा बैराज का जल स्तर बढ़ गया है। बता दे कि इस क्षेत्र में महाराष्ट्र की ओर से भी पानी आता है। इससे मोंगरा बांध का जल स्तर फूल टैंक लेबल के करीब है। इसके चलते बांध का 6 गेट खोलकर शिवनाथ नदी में 36 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है वही नहर के माध्यम से भी 8 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। बताते चले कि पिछले दिनों भीषण गर्मी के बीच मोंगरा से 1000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था।

मोंगरा बैराज से पानी छोड़े जाने के चलते शिवनाथ नदी में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है जिसे देखते हुए प्रशासन एलर्ट हो गया है और नदी किनारे के बसने वाले गांवों में मुनादी करवा दी जा रही है कि लोग नदी किनारे नहीं जाए। मोंगरा बांध का जल स्तर बढ़ने से बैराज में पानी का लेबल बनाए रखने हेतु पानी छोड़ा जाना आवश्यक हो गया है। बांध से पानी छोड़े जाने की सूचना अंबागढ़ चौकी सहित राजनांदगांव व दुर्ग जिले को भी दे दी गई है। ताकि वहां का प्रशासन भी एलर्ट रहे।

# सत्तू डागा अध्यक्ष और शरद चुने गए सनसिटी एन एक्स के सचिव







राजनांदगाँव(दावा)। सनसिटी एन एक्स सोसायटी में सभी सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

सनसिटी एन एक्स के कैरम क्लब में आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सनसिटी महावीर ग्रुप के बिल्डर विनोद बोहरा तथा सोसायटी के सभी गणमान्य सदस्य उपस्थित हुए। सबकी उपस्थिति में समिति के गठन का कार्य संपन्न हुआ जिसमें सत्यनारायण डागा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया।

छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शरद श्रीवास्तव को सचिव के पद पर सर्व सम्मति से चुना गया साथ ही दीपक कोठारी ने कोषाध्यक्ष का पद ग्रहण किया निवृतमान अध्यक्ष निखिल दास ने नई कार्यकारिणी को बधाई दी एवं पूर्ण सहयोग का वचन दिया। मीटिंग में सभी संरक्षकगणों की उपस्थिति रही उनका आशीर्वाद प्राप्त हुआ। नये पदाधिकारियों ने कहा कि अगले सात दिनों में कार्यकारिणी का विस्तार कर लिया जायेगा। सोसायटी के सदस्यों ने नई टीम को बधाई दी है।

# विक्षिप्त व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

राजनांदगांव (दावा)। बागनदी हाइवे पर एक अज्ञात वाहन ने उस इलाके में घूमने वाले एक विक्षिप्त व्यक्ति को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार उक्त अज्ञात विक्षिप्त मृतक की उम्र 35 वर्ष के आसपास है। मृतक बागनदी क्षेत्र के चाबुक नाला समीप स्थित ढाबा के आसपास घूमता रहता था। किसी के द्वारा कुछ दे दिए जाने से खा लेता था। रात होने पर किसी ढाबे में ही सो जाता था। मृतक का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस द्वारा उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# संविधान को तोड़ने व बदलने वाले लोग संविधान से खिलवाड़ का हौव्वा खड़ा कर रहे- चंदूलाल साहू






राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा के कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुये पूर्व सांसद व वरिष्ठ भाजपा नेता चंदूलाल साहू ने संविधान बदलने के नाम पर कांग्रेस पर घड़ियाली आंसू बहाने व देश की जनता से सफेद झूठ बोलने का आरोप लगाते हुये कहा कि जिन लोगों ने खुद संविधान में सैकड़ों संशोधन किये, संविधान को तोड़ा मरोड़ा व अपने राजनैतिक स्वार्थ के लिये बदला, वे आज संविधान की पुस्तक लिये घुम रहे है।

श्री साहू ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गॉधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिये संविधान को बदला, देश को 19 महीनें आपातकाल में झोंका, देश के सभी विपक्षी नेताओं को जेलों में बंद कर दिया, लोकतंत्र के चौथे स्तंभ प्रेस की आजादी पर सेंशरशीप लगा दिया, मीषा के नाम हजारों बेगुनाहों को जेल में बंद करके संविधान के साथ जो खिलवाड़ किया है, उसे देश की जनता भूलने वाली नहीं है। इतना ही नहीं बल्कि देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट जिसका फैसला देश में कानून माना जाता है के द्वारा शाहबानों प्रकरण पर गुजारा भत्ता के लिये दिये गये आदेश को कांग्रेस सरकार के तत्कालिन प्रधानमंत्री राजीव गॉधी ने रद्दी की टोकरी में फेकते हुये सुप्रीम कोर्ट के फैसले को संविधान के खिलाफ खिलवाड़ करते हुये पलट दिया। अब कांग्रेसी निहित राजनैतिक स्वार्थो के लिये संविधान बदलने की बात को लेकर देश की जनता को दिग्भ्रमित कर रहे है, जबकि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने साफ-साफ कहा है कि उनके जीवित रहते न संविधान को बदला जायेगा और न ही आरक्षण खत्म किया जायेगा, बावजूद इसके कांग्रेस के झूठ का प्रलाप जारी है। भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर कांग्रेसी मंसूबों को नाकाम करें।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बैठक के प्रारंभ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व भारत माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित किया गया फिर वंदे मातरम का गान हुआ, इसके बाद मंच पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया। बैठक की कार्यवाही शुरू करते हुये जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने स्वागत भाषण दिया फिर प्रदेश भाजपा के महामंत्री रामजी भारती ने उद्घाटन भाषण देते हुये दिनभर की कार्यवाही का विवरण रखा, इसके बाद पार्टी के नवनिर्वाचित सांसद संतोष पाण्डेय ने लोकसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत के लिये कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुये कहा कि कांग्रेस के सारे छल कपट से मुकाबला करते हुये पार्टी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से सफलता मिली है, उसके लिये सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र है। इसके बाद बैठक में सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई का प्रस्ताव रखते हुये कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि है कि लगातार तीसरी बार मोदी जी प्रधानमंत्री की शपथ ले रहे है। इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके बाद संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण के मुख्य बिन्दुओं का वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल ने शानदार ढंग से वाचन किया, कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री श्री मोदी की गगनचुंबी उपलब्धियों से अवगत कराया।

जिला प्रभारी अवधेश चंदेल ने प्रदेश के आगामी कार्यक्रम एवं गतिविधियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। पूर्व सांसद व वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक शर्मा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये एकता बनाये रखने पर बल दिया। इस दौरान पर मंच पर प्रमुख रूप से चंदूलाल साहू, संतोष पाण्डेय, अशोक शर्मा, मधुसूदन यादव, रामजी भारती, अभिषेक सिंह, रमेश पटेल, सचिन बघेल, संतोष अग्रवाल, आदिवासी नेता एम.डी.ठाकुर, अवधेश चंदेल, नीलू शर्मा, राजेंद्र गोलछा, रविंद्र वैष्णव, लीलाधर साहू, आभा तिवारी, सावन वर्मा, मूलचंद लोधी, चन्द्रिका डडसेना, कोमल सिंह राजपूत, विनोद खांडेकर, शशिकांत द्विवेदी, दिनेश गांधी, सुरेन्दर सिंह बन्नोआना, रघुवीर वाधवा, श्रीमती गीता साहू, श्रीमती पूर्णिमा साहू उपस्थित थे।

### स्थानीय निकायों के चुनाव जीत कर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाना है - मधुसूदन यादव

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने नगरीय निकाय के चुनावों की तैयारी की चर्चा शुरू करते हुये कहा कि भाजपा पूरे दमखम से स्थानीय निकाय के चुनाव लड़ेगी, केन्द्र व राज्य में हमारी डबल इंजन की सरकार चल रही है। स्थानीय निकायों के चुनाव जीतने के बाद यह ट्रिपल इंजन की सरकार हो जायेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को तैयारी के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके बाद लोकसभा चुनाव के सहसंयोजक दिनेश गांधी ने चुनाव विश्लेषण प्रस्तुत करते हुये बताया कि राजनांदगांव जिले की वजह से ही लोकसभा चुनाव में हमें सफलता मिली है। जिले की 10 में से 09 मंडलों पर पार्टी ने जीत का परचम लहराया है।

### भाजपा के 15 वर्षो की सत्ता में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित किये- अभिषेक सिंह

बैठक में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्ताव का विश्लेषण करते हुये कांग्रेस के पिछले पॉच वर्षो के शासनकाल में हुई अनियमितता और भ्रष्टाचार की बखिया उधेड़ते हुये कहा कि भाजपा 15 वर्षो तक निरंतर प्रदेश की सत्ता में रही, छत्तीसगढ़ में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित किये, किन्तु भ्रष्टाचार के कोई भी आरोप नहीं लगा, किन्तु पॉच वर्षो में ही भूपेश सरकार जनता की नजरों से गिर गई, और फिर से भाजपा को सत्ता सौंपना पड़ा।

बैठक का संचालन जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव व आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष सावन वर्मा ने किया।

# त्रिशूल स्थापना एवं प्रवेश द्वार पर डॉ. अम्बेडकर की प्रतिष्ठा अनुरूप फोटो लगाने हेतु मधु ने लिखा पत्र



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने आयुक्त नगर पालिक निगम को शहर की गरिमा से जुड़े दो विषयों पर ध्यानाकर्षित करते हुए त्वरित कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया है। सिविल लाईन स्थित कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व सांसद ने शहर के मध्य से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित डॉ. बी.आर. अंबेडकर चौक में निर्मित डॉ. अंबेडकर प्रवेश द्वार की दशा सुधारने की सख्त आवश्यकता बतायी है। उन्होंने प्रमुख रूप से प्रवेश द्वार पर अंकित भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुरानी जीर्णशीर्ण फोटो को बदलकर उसके स्थान पर डॉ.अम्बेडकर की प्रतिष्ठा के अनुरूप नवीन फोटो लगाये जाने की मांग की है।

साथ ही एक अन्य पत्र में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने आयुक्त को स्मरण दिलाया है कि शहर के किसी एक चौक को त्रिशूल चौक के रूप में चयन कर 12 लाख रू. की लागत से विशाल त्रिशूल स्थापना का कार्य प्रस्तावित है, किन्तु उक्त कार्य आज पर्यन्त अप्रारंभ है। तत्संबंध में पूर्व सांसद ने निगम पदाधिकारियों को सभी संभावित स्थलों का निरीक्षण कर, स्थान आरक्षित करते हुए, चयनित स्थल पर श्रावण मास के भीतर ही त्रिशूल स्थापना का कार्य पूर्ण करने की बात लिखी है।

# राजधानी के दो बेकरियों पर खाद्य विभाग का छापा

रायपुर(आरएनएस)। राजधानी में फूड एंड ड्रग विभाग एक्शन मोड में है. शनिवार को केएफसी, पिज्जा हट और मोमोस अड्डा में छापा मार कार्रवाई के बाद फिर से देर रात दो बेकरियों जन्नत और अमानत बेकरी के कारखाने में छापेमारी की गई. इस दौरान दोनों बेकरी में गंदगी और कई कमियां पाई गई.वहीं बेकरियों से लगभग 800 किलो केक के रॉ मटेरियल और क्रीम रोल खमीर जब्त कर नष्ट किया गया.वहीं ड्रग डिपार्टमेंट की टीम ने सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा है. दोनों ही बेकरी में हाइजीन को लेकर लगातार शिकायत मिल रही थी. संयुक्त टीम ने बेकरियों पर 30,000 रुपये का जुर्माना लगाया है और सुधार कार्य पूरा होने तक फैक्ट्रियों को सील कर दिया है.

# बारिश में अनियंत्रित होकर नाले में गिरी कार, डूबने से डॉक्टर की मौत





बालोद(दावा)। जिले के गुरुर थाना क्षेत्र अंतर्गत में एक डॉक्टर अपनी कार सहित नाले में जा गिरा, जहां उसकी डूबने से मौत हो गई। आशंका है कि भारी बारिश के चलते चालक को दिखना कम हो गया होगा, जिस वजह से यह हादसा हुआ। भारी बारिश में पुलिस ने उन्हें रेस्क्यू कर बाहर निकाला। कार के परखच्चे उड़ गए हैं। मृतक युवक बालोद के ग्राम भानपुरी का रहने वाला बताया जा रहा है, जो कि दुर्ग जिले के पाटन ब्लॉक में पदस्थ था। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। गुरुर ब्लॉक के भुलन डबरी की यह घटना बताई जा रही है। गुरुर थाना प्रभारी तुल सिंह पट्टावी ने पूरी घटना की पुष्टि की है। बीती रात हो रही मूसलाधार बारिश, जो की शाम छह बजे से पूरी रात हुई। इसी दौरान की घटना बताई जा रही है। वहीं सरपंच भानपुरी अरुण साहू ने बताया कि मृतक थानेश साहू मेडिकल कर्मचारी था। रात में पुलिस द्वारा शव को रेस्क्यू कर अस्पताल में रखवा दिया गया था और अभी पूरे मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया है।

### काम से लौट रहा था डॉक्टर

मृतक थानेश साहू अपने काम से लौट रहा था। हादसा भुलन गांव और मंदिर के बीच हुआ है। कार बुरी तरह छतिग्रस्त हो गई है। आशंका जताई जा रही है कि बारिश में कुछ नजर ना आने की वजह से यह हादसा हुआ होगा।

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट में मनाया गया हरित दिवस (ग्रीन डे)




राजनांदगांव (दावा)। शहर के हृदय स्थल में स्थित संस्थान रॉयल किड्स कॉन्वेंट में शनिवार को ग्रीन डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल के संचालक संजय बहादुर सिंह पालकगण एवं शिक्षकों व विद्यार्थियों ने पौधा लगाकर बच्चों को पौधारोपण का महत्व बताया। पौधारोपण के बाद पर्यावरण विषय पर बच्चों ने चित्रोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लिया। नर्सरी से क्लास 2 तक के पालकगण अपने बच्चों के साथ हरित दिवस मनाने और पीटीएम कार्यक्रम में शाला परिसर पर उपस्थित हुए।

नर्सरी से क्लास 2 तक के बच्चे एवं पालकगण हरे रंग की पोशाक में शाला में उपस्थित हुए, छात्र अपने लंच में भी हरी सब्जी हरा सलाद व पालक की चपतियां लेकर आए थे।

सुभाष सदन के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम ने दर्शकों का मन मोह लिया, इस अवसर पर शाला के प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल सभी शिक्षकगण तथा विद्यार्थियों उपस्थित थे। सभी शिक्षकों ने अपनी-अपनी कक्षाओं में बच्चों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखते हुए पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ का नारा लगाते हुए प्रकृति का संरक्षण कैसे किया जाए इसके बारे में बताया।

इसी कड़ी में शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. सविता जे बी सिंह, संजय बहादुर सिंह, अशोक चौधरी, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर, प्राचार्य एकता खंडेलवाल, प्राचार्य गोपाल साहू, उपप्राचार्य, एक्टिविटी कल्चरल इंचार्ज, एचएम, कोऑर्डिनेटर एवं सभी शिक्षकगण ने आशीर्वाद व शुभकामनाएं देकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

## शिवनाथ नदी उफान....



**राजनांदगांव ( दावा )। दो दिनों तेज लगातार बारिश से जल मग्न हुआ शहर। वहीं शिवनाथ नदी उफान पर सुरक्षा के जवान नजर नहीं आ रहे हैं, ऐसे में सेल्फी लेने वाले नजदीक के कई किनारे जाकर सेल्फी ले रहे हैं। अगर बड़ी दुर्घटना अगर होती है, जिला प्रशासन जिला प्रवाही नजर आएगी।**

# अनियंत्रित हुए बाईक सवार मौके पर एक की मौत, दूसरा रेफर





खैरागढ़ (दावा)। ब्लॉक के मुकुंदी खपरी में रविवार की दोपहर सड़क हादसे में दो युवक बाइक पर सवार अनियंत्रित होकर बिजली के खंबे से टकरा गये। जिनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरे की हालत गंभीर होने पर राजनांदगांव रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार खुर्सीपार निवासी तारेश बंजारे 23 साल और साहिल यादव उम्र 18 साल सिदारखपरी निजी काम से अपने बाईक होंडा साईन से मुड़ीपार गये थे।

मुडीपार से अपना काम निपटा कर वापस लौट रहे थे। उसी दौरान मुकुंदी खपरी में तेज रफ्तार में बाईक अनियंत्रित होकर बिजली खम्भे से टकरा गई। जिससे मौके पर तारेश की मौत हो गयी। दूसरे युवक साहिल के हाथ और पैर दोनो मे गंभीर चोट लगने से घायल हो गया। सूचना मिलते ही 112 पहुंचीं जिसके मदद से घायल साहिल को सिविल अस्पताल लाकर प्राथमिक उपचार कर राजनांदगांव रेफर किया गया। जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

## अनमोल दावा

“ जिंदगी तो कुल एक पीढ़ी भर ही होती है, पर नेक काम पीढ़ी दर पीढ़ी चलते जाते है।

# हत्या’ शब्द विचित्रता और अज्ञान के नमूने

आरएसएस प्रशिक्षित नेताओं में विचित्रता तरह-तरह रूपों में दिखती है। बल्कि अधिकांश रूप में विचित्रता ही दिखती है! उन के बयानों, घोषणाओं, और कदमों, गतिविधियों से इस की लंबी सूची बनाई जा सकती है। उदाहरण के लिए, विगत एक निश्चित अवधि में उन की पहली ऐसी घोषणा और नवीनतम कदम को लें।

पहली थी गंभीर संवैधानिक पदों से घोषणा करना कि उन्हें ‘कांग्रेस मुक्त भारत’ बनाना है। यह घोषणा संविधान-विरोधी, तथा करोड़ों देशवासियों के प्रति अपमानजनक थी। संविधान में दूर-दूर कोई संकेत तक नहीं कि किसी संवैधानिक पदधारी को किसी वैध राजनीतिक दल या सामाजिक संगठन को मिटा देने का प्रयत्न करना है। अत- वह घोषणा ही साफ संविधान-विरोधी थी।

दूसरे, वह करोड़ों कांग्रेस-समर्थक देशवासियों का अपमान भी था जब उन के समर्थित दल? को मिटाने की घोषणा संवैधानिक पदधारी कर रहे थे! संवैधानिक पदधारी पूरे देश की संपूर्ण जनता के लिए है। उसे केवल अपने दल की हवा बांधने का काम संविधान ने नहीं दिया है। तब उन पदधारियों ने कहां से समझ लिया कि उन्हें करोड़ों नागरिकों की पसंद के एक राजनीतिक दल को मिटा देने का लक्ष्य रखना है? ऐसी सार्वजनिक घोषणा, ऐसा विचित्र डफ कर्म वही कर सकता है, जिसे संविधान, नैतिकता और शिष्टाचार की समझ नहीं है। यह समझ भी नहीं कि ऐसी अनावश्यक, दंभी घोषणा भविष्य में उलटे अपने मुंह पर गोबर पडने की संभावना अपने हाथों से बनाना है- यदि वह दल मिटने के बजाए बढ़ जाए (जो अभी-अभी हुआ)। सामान्य नेता ऐसी घोषणाएं नहीं करते। केवल संघ-प्रशिक्षित असामान्य वर्ग में ऐसे मूढ़मति पनपते हैं जो लज्जा की बात पर गर्व करते, और ताली पीटते हैं।

वस्तुत- वह घोषणा अपने समर्थक मतदाताओं के प्रति भी अजूबा थी। जिन्होंने भाजपा को चाहे अन्य जिन चीजों के लिए भी मत दिया हो, उस में किसी दल को मिटा देने की बात नहीं थी। न उस चुनाव से पहले भाजपा के बयानों या घोषणापत्र में कहीं यह बात दर्ज थी, कि वे देश को ‘कांग्रेस मुक्त’ करने का लक्ष्य रखते हैं। अतः निर्वाचित होकर संवैधानिक पद संभाल लेने के बाद एकाएक वैसी घोषणा भाजपा समर्थक मतदाताओं के लिए भी अप्रत्याशित थी। असंवैधानिक, अनावश्यक और फूहड़ तो थी ही।

अब उन की नवीनतम करनी को लीजिए। उसी कांग्रेस को निशाना बनाने के लिए उन्होंने एक ‘हत्या’ दिवस ही देश पर थोपा है! यह मूढ़ता की पराकाष्ठा है। सब से पहले तो मानव निर्मित कामकाजी नियमों की एक संहिता, जिसे वैधानिक रूप से रोज संशोधित किया, बल्कि आमूल बदला हटाया जा सकता है, उसे किसी जीवित मनुष्य सा मानकर ‘रक्षा’ और ‘हत्या’ जैसी शब्दावली उत्तेजक और बचकानी है।

क्योंकि यदि संविधान की ‘हत्या’ नामकरण उचित माना जाए, तब तो संविधान का हर संशोधन भी ‘अंग-भंग’ जैसा अपराध बनता है! जो अपराध खुद संघ-भाजपा के नेता गत वर्षों में सात बार कर चुके हैं। यानी, उन की रक्षा/हत्या शब्दावली में कहें तो, उन्होंने कभी संविधान की कोई ऊंगली काट दी, कभी उस के केश नोच लिए, कभी आंख में लकड़ी डाली, तो कभी घुटना घायल कर दिया। आखिर, यदि संविधान की ‘हत्या’ हो सकती है, तो उस की चमड़ी उधेड़ी जा सकती है, उस के कान काटे जा सकते हैं, उसे लंगड़ा बनाया जा सकता है, आदि। अतः संविधान जैसी कागजी निर्जीव वस्तु के लिए ‘हत्या’ शब्द ही अनुचित है।

दूसरे, ऐसे नाम का औपचारिक अनुष्ठान सब पर थोपना बच्चों-किशोरों-युवाओं की नई पीढ़ी की संवेदनाओं पर आघात है, जिसे ‘हत्या’ जैसी उत्तेजक चीज मनाने, दुहराने के लिए मजबूर किया जा रहा है। वह भी किस लिए? ताकि एक दल द्वारा प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दल को निरंतर बदनाम करने का क्षुद्र उद्देश्य प्राप्त हो सके। ऐसे निम्न कोटि के दलगत स्वार्थ साधने में कोई राष्ट्रीय हित नहीं है। बल्कि कच्चे दिमाग दलीय कार्यकर्ताओं में आवेश, उग्रता बढ़ाकर उलटे देश समाज की हानि करना है।

# छत्तीसगढ़ी लोककला, साहित्य व संस्कृति के प्रति समर्पित व्यक्तित्व





## जिनके लोकधुनों में बसती है छत्तीसगढ़ की आत्मा

### (आज 22 जुलाई उनके 68 वें जन्म दिवस पर विशेष)

**आत्माराम कोशा ‘अमात्य’**

छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक क्रांति के पुरोधा दाऊ रामचंद्र देशमुख की युगांतरकारी प्रस्तुति कारी द्विवेदी युगीन मूर्धन्य साहित्यकार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी जी की कृति छत्तीसगढ़ की आत्मा पर आधारित है। इस छत्तीसगढ़ की आत्मा को लोक कला साहित्य व संस्कृति के लिए समर्पित व्यक्तित्व आत्माराम कोशा अमात्य के लोक धुनों में व्यंजित होता है कहा जाए तो अत्युक्ति नहीं होगी। क्योंकि उनके द्वारा सृजित अनेक लोक धुनों में छत्तीसगढ़ की आत्मा निवास करती है। उक्त बात श्री कोशा के संगीत निर्देशन में ढोलक, तबले पर अपना जौहर दिखाने वाले सुप्रसिद्ध ढोलक वादक स्वर्गीय रवि रंगारी द्वारा कही गई है।आज हम आपको एक ऐसे ही सांस्कृतिक विरासत के लोक धरोहर से रूबरू कराने जा रहे हैं,जिनकी लोकधुनों में समसरसता के साथ अपनापन झलकता है, छत्तीसगढ़ की आत्मा निवास करती है। श्री कोशा के संगीत से सजे तथा प्रायः आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले सुप्रसिद्ध गीत - तोला फूंदरा मगाएंव दरोगा,,डोंगा अरझगे मंझधार म,,चंदा के टिकुली,, बाजत हे तोरे कंगना,, सुख नदियां तीर तोर शहर हे,, आती- जाती गोरी, मारे नजरिया,,विधाता तोर कौन गति, आदि सैकड़ों गीत इसके उदाहरण हैं।

### बचपने से ही कलात्मक रुझान

### 22 जुलाई सन 1957 वह शुभ दिन रहा जब संस्कार धानी नगरी राजनांदगांव के एक मुहल्ले

लखोली नाका में संभ्रांत नागरिक हीरामन कोशा के घर आत्माराम कोशा का जन्म हुआ। बचपन से ही कलात्मक रुझान वाले कोशा यहां के दानवीर राजाओं के नाम पर स्थापित महंत सर्वेश्वरदास हाई स्कूल से मैट्रिक तक की शिक्षा ग्रहण की तथा दिग्विजय कॉलेज से साहित्य से एम.ए.कर अपने कला जीवन की शुरूआत चित्रकारी व देवी प्रतिमाओं का निर्माण कर किया। इनका लगाव लोक कला व संगीत के प्रति भी रहा । सन् 1973- 74 मे इनका संपर्क नाचा के पुरोधा दाऊ दुलार सिंह (मंदराजी) के साथ हुआ। दाऊ मंदराजी व उनके सुपुत्र भग्गु दाऊ के साथ उन्होंने ‘‘लखोली- रवेली नाच पार्टी’’ में ब्येंजो वादन? के साथ लोककला यात्रा की शुरुआत की। इसके बाद इसकी कला दक्षता की प्रसिद्धि बढ़ते ही अंचल की सुप्रसिद्ध नाचा पार्टी टेडेसरा में चर्चित नाटक ‘‘चोर चरणदास’’ (नाचा वर्जन) में संगीत के लिए ले जाया गया जहां वे खासकर नेपथ्य संगीत के द्वारा अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया व सिद्ध हस्त संगीत संयोजक के रूप में अपनी पहचान बनाई।

### लोककला यात्रा का दूसरा पडाव

लोककला यात्रा का इनका अगला पड़ाव सन 1982-83 में आया जब वे सुप्रसिद्ध संगीत निर्देशक खुमान लाल साव को अपनी पार्टी में हारमोनियम बजाने के लिए ले गए। वहां इनकी कला दक्षता को देखते हुए खुमान साव ने श्री कोशा को अपने साथ चंदैनी गोंदा से जोड़ लिया। जहां श्री कोशा ने सन् 1992 तक श्री साव के साथ चंदैनी गोंदा की निस्वार्थ भाव से सेवा दी। इस दौरान कला रुझान वाले व वर्तमान डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू ने छत्तीसगढ़ी वीडियों फिल्म निर्माण की चढ़ी तो दहेज दानव नामक इस छत्तीसगढ़ी फिल्म

का संगीत निर्देशक का भार श्री कोशा को सौंपा गया। खुमान साव को यह बात नागवार गुजरी जो इनके बीच मन-मुटाव का कारण बना। इसके बाद श्री कोशा ने श्री साव का साथ छोड़कर चंदैनी गोंदा को पूरी तरह अलविदा कह दिया।

श्री कोशा के संगीत निर्देशन में सजी उक्त फिल्म में पंडवानी गायक झाडूराम देवांगन सुप्रसिद्ध नाचा कलाकार मदन निषाद, बसंत चौधरी, महेश ठाकुर ,लोक गायिका जयंती यादव व छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध ढोलक वादक मदन शर्मा आदि प्रसिद्ध कलाकारों ने काम किया था। इसी फिल्म से श्री कोशा ने छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक महादेव को प्रथम ब्रेक दिया था। गायन के क्षेत्र में उभरने की यही से ही महादेव हिरवानी की शुरूआत मानी जाती है। इस फिल्म में महादेव व जयंती यादव द्वारा गाए गए गीत - काली तै आबे, कुआं पार में,, चंदा के टिकुली,, करम लिखे परदेश आदि गीत काफी लोक प्रिय हुए।

### रचनात्मक विधा की ओर लगाव, चंदैनी गोंदा को त्यागने के बाद

श्री कोशा का अपना रचनात्मक कार्य जारी रहा एवं जागरूकता पूर्ण कार्यो के चलते अपने साथी चंद्रभूषण बच्चन, सतीश भट्टड़, गिरीश टक्कर आदि के साथ पत्र लेखक मंच का गठन कर जिले भर? में साहित्यिक गतिविधियां चलाई। इस बीच सन 1995 में अपने मित्र सतीश भट्टड के साथ राष्ट्रीय एकता अखंडता एवं सद्भावना का संदेश लेकर दिल्ली तक की 1700 किलोमीटर तक क्रास हेड मोटरसाइकिल से यात्रा की। साहित्यिक गतिविधि के दौर में श्री कोशा का दूरदर्शन एवं आकाशवाणी केंद्रों से कविता पाठ का प्रसारण नियमित होते रहा। इसके साथ - साथ अपने संगीत निर्देशन में गायक महादेव हिरवानी, गायिका माया खापर्डे, मोहरी वादक पंचराम देवदास ढोलक वादक,भागवत सिन्हा दिनेश साहू आदि के साथ आकाशवाणी में लोक रंजनी? के अनुबंधित कलाकार के रूप में संगीतकारी करते रहे। श्री कोशा अपनी साहित्यिक प्रतिभा के अनुकूल अलग -अलग स्थानों में होने वाले विभिन्न साहित्यिक महोत्सवो वह कवि सम्मेलनों में शिरकत करते रहते । इस दौरान वे वरिष्ठ कवि/ साहित्यकार श्री दानेश्वर शर्मा, नारायण लाल परमार, लक्ष्मण मस्तुरिया, पवन दीवान, मुकुंद कौशल, डॉ. सुरेंद्र दुबे, रामेश्वर वैष्णव, संतोष झांझी, सुशील यदु, बिशंभर यादव (मरहा) पीसी लाल यादव, जैसे अनेक गीतकार व कवि/ साहित्यकारों के साथ मंच साझा की । साथ ही अपने उत्कृष्ट लेखन शैली सेअर्थाभाव से जूझ रहे लोक कलाकारों को शासन की योजनाओं के तहत उन्हें आर्थिक लाभ पहुंचाया है।

बता दें कि अब तक छत्तीसगढ़ शासन से छत्तीसगढ़ लोक कला के लिए अब तक जितने भी मंदराजी सम्मान प्राप्त हुए हैं उनमें से प्रथम मंदराजी सम्मान प्राप्त सुप्रसिद्ध पंडवानी गायन झाडू राम देवांगन से लेकर नाचा कलाकार मदन निषाद तत्पश्चात पद्मश्री नाचा कलाकार गोविंद राम निर्मलकर , सुप्रसिद्ध नाचा कलाकार व लोक गायिका पूनम विराट व जयंती यादव को मंदराजी सम्मान दिलवाने का कार्य श्री कोशा नेअपने लेखन धर्मिता के माध्यम से किया। यही नहीं ज्यादातर पढ़ें लिखे नहीं रहने वाले व नाचा में अपना जीवन खपा देने वाले बुजुर्ग लोक कलाकारों को शासन के माध्यम से पेंशन दिलवाने का मार्ग प्रशस्त किया है।

### मंदराजी महोत्सव का आयोजन

श्री कोशा जहां लोक कला संगीत के क्षेत्र में दाऊ मंदराजी को अपना शुरूआती कला गुरु मानते हैं वहीं साहित्य के क्षेत्र में साहित्य मनीषी पदुमलाल पन्नालाल बख्शी जी व श्री हरि ठाकुर जी को अपना आदर्श मानते हैं। श्री कोशा अपने शुरुआती कला गुरु दाऊ मंदराजी द्वारा सुस्थापित सांगीतिक बैठकी का कई सालों तक आयोजन करते रहे वहीं अपने इन्हीं लोक कलाकारों को साथ में दाऊ मंदराजी को नाचा कला व लोक सांस्कृतिक मंचों से जुड़े बड़ी संख्या में लोक कलाकार व कवि/ साहित्यकार आदि अपनी कला का प्रदर्शन कर दाऊ जी को कृतज्ञांजलि अर्पित करने आते हैं।

### मंदराजी बायोपिक फिल्म

श्री कोशा दाऊ मंदराजी की जीवनी पर बनी बायोपिक फिल्म में टाइटल गीत , ‘बबा मंदराजी’, व नचौड़ी गीत- ‘छत्तीसगढ़िया बोली तोर हावय बड़े मिठास’, लिखी है, जो काफी लोकप्रिय हुआ। यही नहीं श्री कोशा अपने संगीत निर्देशन में सजे आडियो कैसेट भी निकाले हैं जिसे खांसी प्रसिद्धि मिली। महादेव हिरवानी व पूनम विराट के सुरों से सजे ‘फूंदरा’ नामक आडियो कैसेट का विमोचन तत्कालीन सासंद श्री रमेश बैस द्वारा रायपुर में किया गया था। श्री कोशा पत्रकारिता के क्षेत्र में भी काम करते रहे। वे कई काव्य संग्रहों का संपादन व लंबे समय तक ‘जगवारी’ नामक छत्तीसगढ़ी अखबार का प्रकाशन किया। जिसे बाद में अर्थाभाव के करण बंद कर देनी पड़ी।

### कला व साहित्य का सफर

श्री कोशा द्वारा लिखे लेख,आलेख, कविता, कहानी, समीक्षा, साक्षात्कार, धर्म, अध्यात्म व तीज त्योहारों से संबंधित लेख प्रायः प्रतिष्ठितअखबारों में छपती रही। छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति,व छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति,के अध्यक्ष तथा छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग (छ0ग0 शासन) के जिला समन्वयक श्री कोशा को सर्वप्रथम सन 2005 में दीपाक्षर साहित्य समिति - दुर्ग द्वारा लोक कला के क्षेत्र में मदन निषाद सम्मान प्रदान किया गया तत्पश्चात सम्मान व पुरस्कार की एक श्रृंखला ही चल पड़ी। तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमनसिंह के हाथों सेवा भावी संस्था उदयाचल द्वारा साहित्य के क्षेत्र में नंदू लाल चोटिया सम्मान, रायपुर के साहित्यिक आयोजन में पं. रविशंकर वि. वि. के कुलपति के हाथों सुप्रसिद्ध लोक गायक मिथलेश साहू सम्मान के अलावा कला साहित्य के क्षेत्र में विभिन्न संस्था संगठनों द्वारा लोकधुन सम्मान ,मितान सम्मान, साकेत सम्मान, दलित चेतना सम्मान, खिदमत एडवार्ड, स्वदेशी मेला सम्मान, साधना कला सम्मान व लायंस क्लब, जन हित संघर्ष समिति राजनांदगांव सहित नगर निगम द्वारा पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी सम्मान से नवाजा गया। इसके अलावा कई सम्मान व पुरस्कार श्री कोशा को प्राप्त हुए हैं। इसके बाद भी वे अपने लोक कलाकारों व साहित्यिक साथियों के साथ लोक कला व साहित्य के क्षेत्र में आज भी अनवरत रूप से कार्य कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ी भाषा, छत्तीसगढ़ी लोक कला/ साहित्य व छत्तीसगढ़ी संस्कृति के लिए प्राण प्रण से समर्पित श्री कोशा जी के अवतरण दिवस पर हम समस्त कला / साहित्य धर्मियों की ओर से उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं, उनकी कला यात्रा इसी तरह अबाध रुप से जारी रहे इन्ही मंगल कामनाओं के साथ उन्हें उनके 68 वें जन्मदिन की आत्मीय बधाई ।

**प्रो. के मुरारी दास साहित्यकार**
**गुरुर (बालोद)**

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 211 राजा दशरथ ने कहा, कैकेय राज्य के लोगों में है असुरक्षा और अलगाव की भावना

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



मंत्री सुमंत ने करबद्ध प्रणाम करने के बाद अपने महाराज से बोलने का प्रयत्न किया लेकिन राजा असहाय से शय्या पर थे। ऐसा लग रहा था, जैसे वे बंधक बनाए गए हैं।रानी कैकेई ने सुमंत जी को पूरी बात बताई।यह सुनकर वे स्तब्ध रह गए।

यह आप क्या कर रही हैं रानी जी? आपके उन दोनों वचनों को मांगने का यह भी कोई समय हुआ? आपने महाराज से वरदान मांगा भी तो कैसा? कुमार राम को वनवास? वरदान तो वह होता है जिसमें देने वाला पर प्रदान करने के बाद प्रसन्नता का अनुभव करता है और यहां तो आपके वरदान से महाराज दशरथ इतने दुखी हो गए हैं कि यह उनके जीवन पर सबसे बड़ा आघात सिद्ध हुआ है। क्या वे राम के बिना जीवित रह सकेंगे क्या आपने इस संभाव्य स्थिति की कभी कल्पना नहीं की थी?

राजा दशरथ ने धीमे स्वर में सुमंत जी से कहा, इन्हें समझाने से कोई लाभ नहीं है सुमंत जी !वास्तविकता तो यह है कि कैकेई ने विवाह के बाद अयोध्या को कभी हृदय से अपनाया नहीं है। संभवतः सुदूर पंचनद पार क्षेत्र का निवासी होने के कारण कैकेय राज्य और वहां की राजकुमारी कैकेई के मन में अपने भविष्य के प्रति असुरक्षा की भावना है।

कक्ष में निस्तब्धता है। राजा दशरथ ने अपनी बात कठिनाई पूर्वक जारी रखी।

किसी ने मुझे विवाह के समय उचित ही समझाया था कि कैकेय प्रदेश के लोग विश्वसनीय नहीं होंगे। वहां की संस्कृति, वहां का रहन-सहन, वहां का आचार - विचार ज..शायद ही अयोध्या और यहां के निकटवर्ती राज्यों की संस्कृति से मेल खाए।राज्य के प्रति निष्ठा तो दूर की बात है,कैकेई एक मां है लेकिन उसके मन में अपने संतानों के प्रति भी निष्ठुरता भरी है।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षो से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा

# सुशासन का रोड़ा लालच

अखबार पढ़कर,
बानी बोले- ‘‘सुनिए गजाधर!
छत्तीसगढ़ भू-स्वामियों के लिए
राहत की खबर-
पटवारी रिकार्ड में दर्ज
पटवारियों की गलतियों को
जब जल्द सुधारेंगे तहसीलदार।
तो आज मै आपसे पूछता हूँ-
तहसीलदार की गलतियों को
कौन सुधारेंगे यार?’’
गजाधर मुस्कराए बोले-
‘‘और जब मै कहूंगा डिप्टी कलेक्टर
तो आप तुरंत पूछेंगे -
और डिप्टी कलेक्टर की गलतियों को गजाधर?’’
तब मेरा उत्तर पदानुसार बढ़ता चलेगा
और आपका प्रश्न भी उसी क्रम में बढ़ता रहेगा।
फिर अन्त में हम लोग
प्रधानमंत्री मोदीजी के नाम पर रूकेंगे
और एक तरफ मोदीजी दृढ़तापूर्वक,
‘न खाऊंगा न खाने दूंगा’’- कहते रहेंगे
और दूसरी तरफ लोकतंत्रीय सरकार के
अधिकारी-कर्मचारी
जनता की कष्ट-तकलीफ से
वास्ता न रखकर बल्कि ‘खा-खा कर’
अपना टर का ऊॅ काम करते रहेंगे।’’
बानी ने शंका की... ‘‘मतलब...
मतलब कि सुशासन नहीं आ पाएगा?
सरकारी तंत्र नहीं होगा ईमानदार?’’
गजाधर बोले हंसकर-
कैसे होगा बानी!
कुर्सी और काम के बीच तो
वो अजर-अमर लालच है।
और लालच को कोई
कैसे छोड़ सकता है यार!’’



गिरीश बख्शी

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन खुशियों से भरा होगा। आज आप नये वाहन की खरीदारी करेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। किसी नयी जगह पर आज घूमने जायेंगे, जिससे नये जीवन का एक नया पाठ सीखेंगे। किसी जरूरतमंद की आज आप मदद करेंगे, जिससे आपको आशीर्वाद मिलेगा।

**वृषभ** — आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी। आपके रुके हुए कार्यों में प्रगति आएगी। सोची हुई योजनाओं में सफलता मिलने के संकेत है। आप अपने भाई बहनों के साथ किसी दर्शनीय स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं। अचानक आपके किसी अति प्रिय रिश्तेदार या मित्र से मुलाकात होगी।

**मिथुन** — आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपके व्यापार में लाभ के योग हैं। साथ में कोई साइड बिजनेस कर सकते हैं। जिससे लाभ होने की संभावना बनेगी। नौकरी कर रहे लोगों के लिए नए अवसर मिलने की संभावना है। जिन लोगों को पॉलिटिक्स में रूचि है, उन्हें बड़ा पद प्राप्त होने के योग हैं। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए नयी खुशियां लायेगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से अच्छा रहने वाला है। आपकी आँखों की समस्या के लिए आज किसी अच्छे डॉक्टर कों दिखाए जिससे आपको कुछ अच्छा फील होगा। पूरी मेहनत से काम को करेंगे जिससे उसका परिणाम आपके पक्ष में आएगा।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कार्य क्षेत्र में चल रही परेशानियों का समाधान निकालने में सफल होंगे। आज आपका कोई मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है जिसको आप निराश नहीं करेंगे और जितनी हो सके मदद अवश्य करेंगे। आप किसी रिश्तेदार के घर जा सकते हैं।

**कन्या** — आज आपका दिन लाभ दायक रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपको पैतृक संपत्ति का लाभ मिलेगा। नए लोगों से मेल-जोल बढ़ेगा। जिससे आपके करियर में लाभ होने के योग हैं। कहीं यात्रा पर जा सकते हैं। परिवार में किसी बड़े से आपको कोई अच्छी सलाह मिलेगी।

**तुला** — आज आपको अच्छी सफलता मिलने वाली है। नौकरी में बदलाव के संकेत हैं। उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों को मनचाहे परिणाम मिलने की उम्मीद है। वैवाहिक जीवन में खुशियां आएंगी। जीवनसाथी के साथ आप कहीं डिनर पर जाएंगे। इस दौरान किसी प्रकार के तर्क से बचें।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन बहुत अधिक खुशियां लायेगा। आप घर पर लोगों के साथ अपना मत रखेंगे और अच्छी सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान देना होगा। पेट की समस्या के लिए किसी अच्छे डॉक्टर से आप मिलेंगे। आपको व्यापारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज घर-परिवार में सुखद माहौल बना रहने से आपका मन अच्छा रहेगा। आपका कोई काम किसी व्यक्ति की सहायता से पूरा होगा आपको अच्छा महसूस होगा। आज पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। आज आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज आपके अंदर काम करने की क्षमता बढ़ी रहेगी आप कई दिनों के रुके काम को भी पूरा कर लेंगे। आज किये गए काम का अच्छा परिणाम आपको आने वाले दिनों में देखने को मिल सकता है इसलिए अपने काम को पूरी लगन व मेहनत से करेंगे तो अवश्य लाभ होगा।

**कुंभ** — आज आपका दिन बेहतर रहेगा। सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को प्रमोशन के चांसेस हैं। अच्छे पद पर कहीं ट्रांसफर के योग हैं। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे जातक किसी प्रोजेक्ट पर काम करेंगे। कुछ नया सीखने को मिलेगा। आप कोई संपत्ति खरीदने का मन बना सकते है। आपको अधिक धन लाभ के योग हैं।

**मीन** — आज आपका दिन भाग्यशाली रहेगा। कार्यक्षेत्र में आने वाली समस्याओं का समाधान मिलेगा। आज आप जॉब चेंज करने की सोचेंगे। नौकरी में कहीं ट्रांसफर हो सकता है। व्यापारियों के व्यापार में ग्रोथ के प्रबल योग है। आज आपकी सभी योजनाएं कामयाब रहेंगी। आप इस दौरान कोई भी बड़ा निर्णय सोच समझकर लेंगे।

# निर्माणाधीन नेशनल हाईवे में एप्रोच रोड व पुलिया बह जाने से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मानपुर में चक्काजाम किया

अंबागढ़ चौकी (दावा)। आषाढ़ महिने के अंतिम दो दिन पहले शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश के बाद नदी नालो में आई उफान से मानपुर इलाके के कहगांव, जबकसा व कोरकोटटी पुलिया बह जाने से मानपुर क्षेत्र के दर्जनो गांव का संपर्क ब्लाक मुख्यालय मानपुर सहित अन्य नगरो से टूट गया है। पिछले 48 घंटे से प्रभावित गांवो के ग्रामीणों को भारी मुश्किलो का सामना करना पड़ रहा है। इस घटना से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज युवक कांग्रेस की अगुवाई में मानपुर ब्लाक मुख्यालय में नेशनल हाईवे में चक्काजाम कर शासन प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया।

शुक्रवार से हो रही बारिश के बाद से वनांचल के कई नदी नालो में बाढ की स्थिति बनी हुई है। छग को महाराष्ट्र से जोड़ने वाली निर्माणाधीन नेशनल हाईवे 930, झलमला, बालोद से कोहका के मध्य कहगांव, जबकसा व कोरकोटटी का एप्रोच रोड के बह जाने से मानपुर ब्लाक के लगभग पांच दर्जन से अधिक गांवो का सड़क संपर्क टूट गया है। इन गांवो को ब्लाक मुख्यालय से संपर्क टूटने से इस क्षेत्र के ग्रामीणों व स्कूली तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओ को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। बच्चे न तो पढ़ने के लिए स्कूल पहुच पा रहे है न ही ग्रामीण बैंक, व सोसायटी से जुडे कार्यो व व्यापारी लेन देन के लिए मानपुर पहुंच पा रहे है। इधर पहले से ही निर्माणाधीन नेशनल हाईवे के अफसरो की लापरवाहियें व निर्माण कार्य की धीमी गति को लेकर परेशान ग्रामीणों का गुस्सा नेशनल हाईवे में कहगांव, जबकसा, कोरकोटटी एप्रोच रोड व पुलिया के बह जाने से फूट पडा है। ग्रामीणो ने बताया की निर्माण कार्य की गति इतनी धीमी है की पिछले दो वर्ष से उन्हे नेशनल हाईवे के अधिकारियो की लापरवाही व उदासीनता का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया चक्काजाम

मानपुर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज युवक कांग्रेस के बैनर तले मानपुर ब्लाक मुख्यालय में नेशनल हाईवे में तकरीबन आधा घंटा चक्काजाम किया। भाजपा सरकार के खिलाफ आंदोलन के लिए सडक पर आए कांग्रेस कार्यकर्ता शासन प्रशासन से जल्द से जल्द पुलिया व एप्रोच रोड को दुरूस्त कर आवागमन बहाल करने की मांग कर रहे थे। कांग्रेसियो का आरोप था की जब से भाजपा सरकार आई है नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य की गति और भी धीमी हो गई है। निर्माण कार्य में भारी गडबडिया की जा रही है। जिसके कारण ही निर्माणाधीन नेशनल हाईवे में कई स्थानों में पुलिया व एप्रोच रोड बह गया है।



0 निर्माणाधीन नेशनल हाईवे झलमला बालोद से कोहका के मध्य कहगाव, जबकसा, कोरकोटटी नाला का पुलया एप्रोच रोड बहने से मानपुर क्षेत्र के 60-70 गांवो का संपर्क मानपुर ब्लाक मुख्यालय से टूटा
0 एक सप्ताह में व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग अन्यथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी सड़क में आने की चेतावनी

आज मानपुर ब्लाक के 60-70 गांवो का संपर्क मानपुर से कट गया है। आम जनता परेषान हो रही है। चक्काजाम आंदोलन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल बढाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने पहुंचकर आंदोलनकारी युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह बढाया।

### कांग्रेसियों को सड़क से उठा ले गई पुलिस

जिला युवक कांग्रेस की अगुवाई में मानपुर ब्लाक मुख्यालय में नेशनल हाईवे के बीच चौराहों में सडक पर चक्काजाम के लिए बैठे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस प्रशासन ने आधा घंटा गुजरने से पहले ही सड़क से उठा कर आवागमन को बहाल कर दिया। बारिश के चलते 40-50 की संख्या में जुटे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चक्काजाम स्थल पर ही कलेक्टर के नाम पर ज्ञापन सौप कर बारिश से ध्वस्त हुए पुल पुलिया व एप्रोच रोड को जल्द से जल्द दुरूस्त कर एक सप्ताह के अंदर आवागमन बहाल करने की मांग की है। अन्यथा अगली बार पुरी ताकत के साथ क्षेत्रीय विधायक की अगुवाई में आंदोलन की चेतावनी भी दी है। चक्काजाम के दौरान जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष निर्मल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लच्छु साबले, जनपद अध्यक्ष दिनेश शाह मंडावी, जिला कांग्रेस महामंत्री रामकेवल विश्वकर्मा, उपेन्द्र मिश्रा, जनपद सदस्य अभिमन्यु मंडावी, तनुज मंडल, मोनू मंडावी, अजित खान, करण बोगा, देवा सारथी, रोहित केवट, संत बढई, शत्रुहन भूआर्य, पप्पू नेताम, मुकेश ध्रुव, खिलावन साहू, नितेश मेश्राम, बलराम मंडावी, राजू पोटाई, सोनी सलामे, सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कलेक्टर के नाम पर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अगुवाई में चक्काजाम समाप्त करने के बाद जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर के नाम पर तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर एक सप्ताह के अंदर व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रशासन से जुडे अफसरो को आगाह किया की वे आंदोलन के लिए सडक पर नही आना चाहते है लेकिन शासन प्रशासन ने उन्हें मौका दिया तो वे विपक्ष की भूमिका को निभाने के लिए सड़क पर जरूर आयेंगे और जन समुदाय से जुडी परेशानियों व समस्याओं के निराकरण के लिए अपना पुरा दमखम लगाएंगे। इसलिए बेहतर यह है की व्यवस्था दुरूस्त कीजिए और आम जनता को राहत दिलाने का प्रयास कीजिए।

### लचर प्रशासन से घट रही है गंभीर घटनाए- अनिल मानिकपुरी

जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की जब से प्रदेश में सरकार बदली है तब से प्रशासन नाम की कोई चीज नजर नही आ रही है। इसी का परिणाम है बलौदाबाजार में कलेक्टरेट जल गया, राजधानी में दिनदहाडे गोलिया चल रही है। नक्सली हिंसा की घटनाए बढ गई है। हत्या, बलात्कार और आपराधिक घटनाओं में तेजी से बढोतरी हुई है। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया की भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था की स्थिति पुरी तरह चरमरा गई है। सामाजिक बुराईयों से जुडे अपराध सटटा, जुआ, मादक पदार्थो की बिक्री सहित गंभीर किस्म के अपराध अब शासन प्रशासन के संरक्षण में चल रहा है। इसका परिणाम है की पुरे प्रदेश में अराजकता की स्थिति निर्मित हो रही है, इस पर रोकथाम बेहद जरूरी है।

## पहला कॉलम...

### तोरणकट्टा में सत्य नाम धून का सफल आयोजन



टेड़ेसरा(दावा)। परिक्षेत्रीय कबीरपंथी समाज टेड़ेसरा के तत्वाधान में ग्राम तोरणकट्टा में सत्यनाम धून का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सद्गुरु कबीर साहेब के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें सद्गुरु कबीर सेवा आश्रम टेड़ेसरा के महंत मेला दास साहेब भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर सद्गुरु कबीर साहेब के आरती एवं प्रसाद वितरण कर समापन किया गया। बाहर से आए हुए संत जनों के लिए ग्रामीणों ने भोजन भंडारा का भी कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम के ग्रामीण अध्यक्ष रेखालाल साहू एवं साथ ही परीक्षेत्रीय समिति के अध्यक्ष उत्तम साहेब, महेश साहेब, प्रकाश साहेब, नंदकिशोर साहेब, ललित साहेब, सोमदास साहेब, महिला उपाध्यक्ष तिजेश्वरी साहू साथ में परीक्षेत्रीय समिति के मीडिया प्रभारी लूमन दास साहू एवं समिति के सदस्यगण व ग्रामीण संत जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जिसमें इस सत्य नाम धुन को सफल बनाने के लिए पूरे परीक्षेत्रीय के पदाधिकारीगण की उपस्थिति में यह आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।

### हमारे मुख्यमंत्री का सिर्फ 7 माह का कार्यकाल कांग्रेस के 5 साल पर भारी- आयश सिंह

खैरागढ़ (दावा)। हमारे मुख्यमंत्री का सिर्फ 7 माह का कार्यकाल कांग्रेस के 5 साल पर बहुत भारी है और सर्व वर्ग के उत्थान में अभूतपूर्व विकास कार्य कर हमारी भाजपा सरकार ने इतिहास रच दिया है, उक्त बातें भाजपा के युवा नेता एवं जिला केसीजी भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह बोनी ने कही है। भाजपा के सक्रिय युवा नेता एवं जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह बोनी ने कहा कि सांसद संतोष पाण्डेय, सभी वर्ग के चहेते खैरागढ़ के शैडो विधायक एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह व कुशल नेतृत्व क्षमता के धनी जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू के नेतृत्व में केसीजी जिले में भी सर्व वर्ग के हित में लगातार शानदार काम हो रहा है। आयश ने कहा कि अब तक के सिर्फ 7 माह के ही अल्प कार्यकाल में प्रदेश भाजपा सरकार ने ऐतिहासिक काम कर मिसाल कायम की है और हर वर्ग के लोगो को सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अब तक के सिर्फ 7 माह के कार्यकाल में ही सर्व वर्ग के उत्थान में अभूतपूर्व विकास कार्य सफलतापूर्वक करके दिखाया है, जो कांग्रेस सरकार पूरे 5 साल के कार्यकाल में नहीं कर पाई थी। आयश सिंह ने प्रदेश कांग्रेस द्वारा विष्णु देव साय सरकार के अब तक के कार्यकाल को विफल बताए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उनकी सरकार ने महज 7 माह में वो कर दिखाया, जिसकी कल्पना कांग्रेस के लोग कभी भी कर ही नहीं सकते थे और प्रदेश की जनता हमारे मुख्यमंत्री तथा उनकी सरकार के कामकाज से बहुत प्रभावित और खुश भी है जिसका सबसे बड़ा सबूत लोकसभा चुनाव में भाजपा की 11 में से 10 सीट में शानदार बड़ी जीत है और पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के काम-काज की चारों तरफ वाहवाही हो रही है, जिसे कांग्रेस के बड़े नेता और कार्यकर्ता पचा नहीं पा रहे हैं। आयश सिंह ने कहा कि इतने कम समय में ही हमारी प्रदेश की सर्व वर्ग की हितैषी भाजपा सरकार ने हर वर्ग के उत्थान में अब तक अनवरत बेहतर और श्रेष्ठ काम किया है और हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनके मंत्रिमंडल ने ऐसे ऐतिहासिक फैसले लिए हैं कि कांग्रेस नेताओं के पेट में दर्द होने लगा है और हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार और उनका मंत्रीमंडल देश के लगातार तीसरी बार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रदेश में आम जनता के हित में की गई घोषणा और सभी गारंटी को जल्द पूरा करने की ओर तेजी से बेहतर कार्य भी कर रहे हैं।



कहा- हर वर्ग के लोगों को मिल रहा सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ

### मध्य और दक्षिणी छत्तीसगढ़ में भारी बारिश की संभावना

रायपुर । मानसून की एंट्री के बाद भी छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में बारिश नहीं होने से लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही है. इस बीच मौसम विभाग ने मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में भारी बारिश की संभावना जताई है. इसके लिए 27 जिलों में अगले 24 से 48 घंटे तक अलर्ट जारी किया गया है. जिसमें येलो और ऑरेंज अलर्ट शामिल हैं. साथ ही एक-दो जगहों पर रेड अलर्ट भी जारी कर चेतावनी दी गई है.

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया क्षतिग्रस्त एप्रोच रोड का निरीक्षण

अंबागढ़ चौकी (दावा)। कलेक्टर एस जयवर्धन एवं पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने गत दिवस राष्ट्रीय राजमार्ग के अभियंता के साथ आपातकाल बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए क्षतिग्रस्त परिवर्तित मार्ग को मरम्मत करने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय हो कि कोतरी नदी पर निर्माणाधीन पुल के डायवर्सन मार्ग भारी वर्षा के चलते क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसके चलते आंशिक रुप से आवागमन बाधित हुआ है। कलेक्टर ने इससे उत्पन्न समस्या को बेहद गंभीरता से लेते हुए अतिग्रस्त मरम्मत करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार कोरकोट्टी के पास निर्माणाधीन पुल का डायवर्सन भारी वर्षा के चलते क्षतिग्रस्त हो गया है। इसे भी अविलम्ब डायवर्सन सड़क को बनाने के निर्देश दिए हैं।

० नेशनल हाइवे के अधिकारीयों की बैठक लेकर आवागमन सुविधा दुरुस्त करने के दिये निर्देश
० आवागमन दुरुस्त करने डाइवर्टेड सड़क बनाया गया

कलेक्टर ने नेशनल हाईवे के अधिकारियों को जगह-जगह परिवर्तित मार्ग की जानकारी से क्षेत्रवासियों व आम जनता को अवगत कराने के उद्देश्य से सूचना पटल लगाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने आगामी दिनों में कोई असंभावित दुर्घटना घटित ना हो इसके लिए गाँव-गाँव में परिवर्तित मार्ग के संबंध में मुनादी कराने के भी निर्देश दिए।

### परिवर्तित मार्ग इस प्रकार से है

बड़ी वाहन हेतु- राजनांदगाँव से आने वाले बड़ी गाड़ी अम्बागढ़ चौकी-चिल्हाटी-कोरची-चंद्रपुर होते हुए महाराष्ट्र जायेगी। छोटी वाहन- 1. मानपुर से बसेली-मदनवाड़ा-सीतागाँव-औंधी/कोहका हो कर जायेगी। 2. कोहका से सीतागाँव-मदनवाडा-बसेली-मानपुर जायेगी।

**खड़गाँव से मानपुर आवागमन हेतु परिवर्तित मार्ग इस प्रकार हैं**

1. खड़गाँव से खुरदी होते हुए दीघवाड़ी-मोहला-पानाबरस-मानपुर जायेगी। 2.कहगाँव से भर्रीटोला होते हुए दिघवाड़ी-मोहला-पानाबरस-मानपुर जायेगी। 3. मानपुर से खड़गाँव मार्ग मानपुर-पानाबरस-मोहला-दीघवाड़ी-भर्रीटोला-खड़गाँव जायेगी। बैठक में अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले, मोहला, मानपुर एसडीएम हेमेंद्र भुआर्य, अमितनाथ योगी, नेशनल हाईवे के सहायक अभियंता गोविंद अहिरवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पावर कम्पनी के अधिकारी ने मनाया अपना अनोखा जन्मदिन, पीपल का पौधा लगाया

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के डोंगरगांव के कार्यपालन अभियंता पीसी साहू ने अपनी माताश्री की याद में अपने जन्मदिन पर कार्यालय परिसर में समस्त स्टॉफ की उपस्थिति में पीपल के पौधे का रोपण कर पूजा अर्चना की। पीएम नरेन्द्र मोदी व सीएम विष्णुदेव साय ने भी मां के नाम के एक पेड अभियान की शुरूआत कर प्रदेश के समस्त नागरिकों से पौधारोपण की अपील की है। इस अवसर पर श्री साहू ने पीपल के पौधे का वृक्ष बनने तक रखरखाव करने का भी संकल्प लिया। इस अवसर विभाग के मातहत अधिकारी कर्मचारियों ने भी उनके जन्मदिन की बधाई देते हुए पौधारोपण की तारीफ करते बताया कि हमारे साहब की जितनी तारीफ की जाए कम है। हम सबके सुख दुख में शामिल होने के साथ डिवीजन की जनता के लिये उन्होने हमेशा आगे बढकर समस्या का निदान करने मे कोई कसर नही छोड़ी है।



अनुकरणीय पहल की हो रही तारीफ

उक्त अवसर पर श्री साहू ने मां की याद में पीपल पौधा का रोपण कर बताया कि पीपल ही एक ऐसा वृक्ष होता है जो 24 घंटे प्राण वायु ऑक्सीजन देता है। इस वृक्ष का बड़ा आध्यात्मिक महत्व भी है। इस पेड की जड, छाया सभी का अपना एक महत्व है। श्रीमद् भागवत गीता सहित अन्य पुराणों मे इसका महत्व है। सनातन धर्म में इसकी पूजा इसी कारण से की जाती है। श्री साहू की पहचान विधुत विभाग मे अच्छे कर्मठ, कुशल अधिकारी के रुप मे रही है और राज्य स्तर पर उन्हें विभागीय पुस्कार भी मिल चुका है। उनके इस कार्य को लेकर उनको मोबाइल पर इस अच्छे कार्य की प्रशंसा करते हुए डोगरगांव के युवा, राजनीतिज्ञ व अन्य सराहना कर स्वयं पौधारोपण के लिये संकल्प ले रहे है।

## गुरु पूर्णिमा पर उमड़ा समर्पण व आस्था का सैलाब

**गुरु पूर्णिमा पर्व डोंगरगढ़ में श्री योग वेदांत सेवा समिति ने श्रद्धा, विश्वास एवं आस्था के साथ मनाया**

डोंगरगढ़(दावा)। गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर अंचल में अनेक आयोजन हुए जहा भक्तो के समर्पण व आस्था का जन सैलाब उमड़ा। मंदिरों व गुरुव्दारों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्री योग वेदांत सेवा समिति ने श्रद्धा, विश्वास एवं आस्था के साथ मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम से आस्था के साथ मनाया।



गुरु आश्रम पहुंचकर साधकों ने अपने गुरु का दर्शन कर आशीर्वाद लिया लोधी भवन में भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया व गुरु पूजा के साथ गुरुपूर्णिमा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला। इसके बाद प्रसाद वितरित किया गया। श्री लोधी ने गुरू पूर्णिमा की अंचल वासियों को बधाई देते हुए कहा की, गुरु की पूजा भगवान की पूजा से अधिक लाभकारी।

### श्री योग वेदांत सेवा समिति व्दारा गुरुपूर्णिमा का आयोजन

सर्वधर्म नगरी, मां बम्लेश्वरी की पावन धरा डोंगरगढ़ में श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा लोधी भवन में गुरुपूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया गया। छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष व श्री योग वेदांत सेवा समिति के संरक्षक विष्णु लोधी ने गुरू देव परम पूज्य संत श्री आशारामजी बापू के चित्र एवं चरण पादुका पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन किया। विष्णु लोधी ने कहा- गुरु की पूजा भगवान की पूजा से अधिक लाभकारी होती है। आषाढ़ पूर्णिमा को गुरु वेदव्यास का जन्म हुआ था। मान्यता है कि इसी दिन महर्षि वेदव्यास ने मुनियों और शिष्यों को श्रीमद्भागवत का ज्ञान दिया था। गुरु पूर्णिमा पर योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में पादुका यात्रा निकाली गयी। पूजन के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। शहर एवं ग्रामीण अंचल से आए हरि भक्तों ने भजन कीर्तन किया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक विष्णु लोधी, समिति के अध्यक्ष रामकुमार देवांगन, कोषाध्यक्ष रामअवतार वर्मा, योगेन्द्र शर्मा कृष्णा वर्मा क्रांती बक्सी, युवा सेवा संघ के अध्यक्ष भगवती वर्मा, नरोत्तम वर्मा,नमेश वर्मा, तारा सिन्हा, देवेन्द्र, गणेश साहू, भुनेश्वर साहू, भुनेश्वर वैष्णो,जीवन साहू, प्रभु राम साहू,आदि बड़ी संख्या में साधक साधिका उपस्थित रहे।

## श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व



खुज्जी (दावा)। समीपस्थ ग्राम दर्री के शिवनाथ नदी तट स्थित ब्रम्हचारी आश्रम में आश्रम के संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी के पावन सानिध्य में गुरु पूर्णिमा के पर्व को अंचल के गुरु भक्तों के द्वारा श्रद्धा पूर्वक मनाया गया, इस अवसर पर भक्तों ने विधिवत गुरुपूजन कर संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी का आशीर्वाद लिया, इस अवसर पर उपस्थित गुरु भक्तों को ब्रम्हचारी जी ने सत्संग में बताया कि परमेश्वर को प्राप्त करना चाहते हो तो अपने को पात्र बनाये जीवन मे पात्रता होगी तो कुछ भी मांगने की आवश्यकता नही होगी, परमात्मा खुद प्राप्त हो जाएंगे उन्होंने कहा कि जिसने जीवन मे भजन नही किया, सन्तों के दर्शन नही किये, गुरु की भक्ति नही की तो जीवन व्यर्थ है, क्योकि अनेक जन्मों के पुण्य उदय होने पर ही मनुष्य जीवन मिलता है, गुरु भक्ति के पावन पर्व पर श्रद्धलुओं ने आश्रम में आयोजित भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

## जल संसाधन विभाग की लापरवाही से किसानों का हो रहा नुकसान

**20 से 25 एकड़ खेत किसानों ने नुकसान को लेकर की मुआवजे की मांग**

छुरिया (दावा)। ब्लॉक मुख्यालय अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गैंदाटोला के किसानों को जल संसाधन विभाग की लापरवाही से हो सकता है भारी नुक़सान। किसानों व ग्रामीणों ने जल संसाधन विभाग के अड़ियल रवैए को लेकर ग्राम पंचायत गैंदाटोला में बैठक रख कर हुए नुकसान को लेकर भरपाई के लिए शासन प्रशासन से मुआवजे की मांग की। आपको बता दें कि गैंदाटोला के किसानों ने जल संसाधन विभाग की लापरवाही को लेकर सरपंच व ग्राम पटेल को जानकारी मुहैया कराया, जिस पर ग्राम प्रमुखों ने विभाग तक अपनी बात रखी किंतु 5 से 6 दिन बीत जाने पर भी अब तक न एक कर्मचारी पहुंच पाया न अधिकारी और न किसानों को राहत मिल पाया ऐसे में किसानों व ग्रामीणों में जल संसाधन विभाग के लापरवाही को लेकर नाराज़गी जताई। वहीं 20 से 25 किसानों के खेतों में लगे फसलों तक जा रहे नाले का पानी



विक्राल रुप लेकर फसल को तो बर्बाद कर ही दिया साथ में खेत में बह रहे पानी के बहाव ने खेत को भी अपने चपेट में ले लिया, लेकिन अब तक विभाग ने उनकी सुध लेने भी नहीं पहुंचे जिससे किसानों में जल संसाधन विभाग के प्रति नाराज़गी जताई।

### किसानों ने जल संसाधन विभाग की लापरवाही का लगाया आरोप

किसानों ने बताया जल संसाधन विभाग द्वारा नहर नाली का निर्माण कराया जा रहा है जो धर्मूटोला बांध से गैंदाटोला तक पहूंचा है जो अभी आधा अधुरा है जहां से पानी नहर नाले से आ रहा है जो आगे पानी जाने पुल बंद होने के कारण पुरा पानी कट कर खेतों में जा रहा है जिससे किसानों के लगे फसल व खेत को नुक़सान हुआ जिसके पुरे जिम्मेदार जल संसाधन विभाग है जो समय रहते बंद पुल को नहीं खोला गया। वहीं हम शासन प्रशासन से मांग करते हैं जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई करें और ऐसे जल संसाधन विभाग में बैठे कर्मचारी अधिकारी जो जानबूझकर आज कल करते हुए आये उन पर कार्यवाही करें। बहरहाल अब देखना इसपर विभाग और कब संज्ञान लेती है और किसानों को हुए नुकसान को लेकर क्या कदम उठाती है।

## महरुम में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 26 को

डोंगरगाँव (दावा)। आयुष्मान आरोग्य मंदिर महरूम में वृद्धजन के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है, शासकीय आयुर्वेद औषधालय महरूम में आयुष संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में 26 जुलाई शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से संध्या 4 बजे तक वृद्धजनों हेतु निःशुल्क विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा वातरोग, चर्मरोग, उदररोग, शुगर, बी.पी. आदि रोगों की जांच कर निःशुल्क आयुर्वेद औषधि का वितरण किया जायेगा, शिविर प्रभारी डॉ.रेखा साहू प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी शास.आयुर्वेद औषधालय बघेरा एवं प्रायोजक डॉ. शिल्पा पांडे जिला आयुष अधिकारी राजनांदगांव के कुशल संचालन में आयोजित इस शिविर में नेत्र परीक्षण, रक्त परीक्षण की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

## बुद्ध विहार में गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया



डोंगरगढ़(दावा)। गुरु पूर्णिमा को नागसेन बुद्ध विहार डोंगरगढ़ में बौद्ध समाज की महिलाओ द्वारा संचालित महिला पंतजली योग समिति द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर महिला पंतजलि योग समिति की महिला सदस्यों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की आवश्कता का संदेश देने के उद्देश्य से कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि गणों को मां के नाम एक पौधा देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती सुषमा गुप्ता, श्रीमती प्रीति गुप्ता, पंतजलि योग समिति राजनांदगांव महिला प्रभारी, डा.मुन्नालाल नंदेश्वर अध्यक्ष नागसेन बुद्ध विहार समिति, डी सी एडे, हेमंत साहू, विश्वनाथ यादव योगाचार्य पंतजलि योग समिति, संतोष टेंभरे अध्यक्ष पंतजलि योग समिति एवं पंतजलि योग समिति डोंगरगढ़ के समस्त योगसाधकों को श्रीफल एवं एक पौधा (गमले में लगा हुआं) भेट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्यों द्वारा गुरु पूर्णिमा के उद्देश्यों पर संबोधन,कविताएं एवं महिलाओं द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि गणों द्वारा कहा गया कि कार्यक्रम के सफल संचालन में बौद्ध समाज के महिलाओ द्वारा संचालित महिला पंताजलि योग समिति की महिला सदस्यों की जितनी भी प्रशंसा करे कम है, ये सभी बधाई के पात्र है। उपस्थित जनों ने कहा कि भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम होते रहना चाहिए।

सफल संचालन के लिए पंतजली टीम की महिला सदस्यों के प्रयास की सराहना की गई

# पहला कॉलम...

## बांग्लादेश में छात्रों के हिंसक प्रदर्शन पर एक्शन मोड में सरकार, उल्लंघन करने वालों को गोली मारने के आदेश

ढाका । बांग्लादेश में छात्रों का हिंसक विरोध प्रदर्शन लगातार बढ़ता जा रहा है। देश में बढ़ती हिंसक घटनाओं को शांत करने के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है और सैनिकों ने बांग्लादेश की सड़कों पर गश्त करनी शुरू कर दी है। सरकार भी अब एक्शन मोड में आ गई है और पुलिस को कर्फ्यू का उल्लंघन करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश दे दिया है।

बता दें कि इस हफ्ते की हिंसा में अब तक कम से कम 133 लोगों की मौत हो चुकी है, जो 15 साल से सत्ता में बनी प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है। शेख हसीना को एक नियोजित राजनयिक दौरे के लिए देश से बाहर जाना था, लेकिन विरोध प्रदर्शनों के कारण उन्होंने अपनी योजना रद्द कर दी।

इस बीच बांग्लादेश से लगभग 1 हजार से ज्यादा भारतीय छात्र विभिन्न सीमाओं से या हवाई मार्ग से भारत लौटे हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर का भी इसपर बयान आया और उन्होंने छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भरोसा दिया। दूसरी ओर कोटा सिस्टम पर मचे बवाल के बीच आज बांग्लादेश का सुप्रीम कोर्ट फैसला देगा कि विवादास्पद नौकरी कोटा समाप्त किया जाए या नहीं।

## कंबोडिया में धोखाधड़ी का शिकार हुए 14 भारतीय नागरिकों को बचाया

नोम पेन्ह। कंबोडिया में नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी का शिकार हुए 14 भारतीय नागरिकों को बचाया गया है। यह जानकारी नोम पेन्ह में भारतीय दूतावास ने दी। दूतावास ने बताया कि कंबोडियाई अधिकारियों के सहयोग से अब तक धोखाधड़ी के शिकार हुए 650 से अधिक भारतीय नागरिकों को बचाया गया है और वापस भारत भेजने में मदद की है। दूतावास ने धोखाधड़ी का शिकार हुए भारतीय नागरिकों के बारे में कंबोडियाई पुलिस को जानकारी दी थी। इसके बाद पुलिस के सहयोग से 14 और भारतीय नागरिकों को बचाया गया।

बचाए गए लोगों की देखभाल की कंबोडिया के सामाजिक मामलों और युवा पुनर्वास मंत्रालय के समन्वय में काम करने वाले एक गैर सरकारी संगठन द्वारा जा रही है।

भारतीय दूतावास ने कहा कि वह कंबोडियाई अधिकारियों के संपर्क में है और 14 बचाए गए भारतीय नागरिकों को सुरक्षित और समय पर भारत वापस भेजने के लिए आवश्यक औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा करने का अनुरोध कर रहा है।

दूतावास ने कहा कि वह स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है और कंबोडिया में भारतीय नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

दूतावास ने एक बयान में कहा है, भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे देश में किसी भी नौकरी की पेशकश पर अत्यधिक सावधानी बरतें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना नोम पेन्ह स्थित दूतावास को दें।

## इजरायल ने गाजा पर बरपाया कहर, हवाई हमलों में 14 फलस्तीनियों की मौत; लेबनान में 7 घायल

गाजा । इजरायल-हमास के बीच अक्टूबर से युद्ध शुरू होने के बाद से थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। उत्तरी गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 14 फलस्तीनी मारे गए। जानकारी के मुताबिक इजरायली जेट विमानों ने जबालिया शरणार्थी शिविर में एक घर पर बमबारी की, जिसमें एक पत्रकार, उसकी पत्नी, उसके दो बच्चे और उसकी मां की मौत हो गई। एक समाचार एजेंसी के अनुसार, सूत्रों ने बताया कि इजरायल के लड़ाकू विमानों ने गाजा शहर के उत्तर में जरका इलाके में एक और घर को निशाना बनाया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार, उत्तरी गाजा के अल-सफ्तावी इलाके में विमानों ने एक रिहायशी घर पर बमबारी की, जिसमें बच्चों और महिलाओं सहित सात लोगों की मौत हो गई। दक्षिणी लेबनान के विभिन्न क्षेत्रों में इजरायली हवाई हमलों में चार विस्थापित सीरियाई बच्चों सहित सात लोग घायल हो गए। इजरायली ड्रोन और युद्धक विमानों ने दक्षिण-पूर्वी गांव हौला में एक घर पर हवाई हमला किया, जिसमें तीन नागरिक घायल हो गए, तीन घर नष्ट हो गए और आठ अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने मीडिया को इसकी जानकारी दी।

गाजा पट्टी के दक्षिण में राफा और खान यूनिस के इलाकों और मध्य गाजा पट्टी में नुसेरात शरणार्थी शिविर में हवाई और तोपखाने की गोलाबारी जारी है। हालांकि, इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि एन्क्लेव में इसकी परिचालन गतिविधि जारी है। आईडीएफ सैनिकों ने राफा क्षेत्र में 'सटीक, खुफिया-आधारित परिचालन गतिविधि' जारी रखी है और मध्य गाजा में अभियान चलाया है, क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के स्थलों पर लक्षित छापे मारे हैं।

# भारत ने एशिया कप का लगातार दूसरा मैच जीता, यूएई को 78 रनों से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची टीम




दांबुला। श्रीलंका की मेजबानी में जारी महिला एशिया कप 2024 में आज भारत का सामना यूएई से हुआ। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम इंडिया ने यूएई को 78 रनों से हराकर सेमीफाइनल में एंट्री कर ली। अब भारत अपना ग्रुप स्टेज का आखिरी मैच 23 जुलाई को नेपाल के खिलाफ खेलेगा। यूएई के खिलाफ जीत के साथ भारतीय टीम ग्रुप ए की अंक तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। उनके खाते में चार अंक हैं और नेट रनरेट +3.386 का है।

दांबुला के रणगिरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में यूएई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारत ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 201 रन बनाए। जवाब में यूएई 20 ओवर में सात विकेट पर 123 रन बना सकीं। भारत ने यह मुकाबला 78 रनों से जीत लिया।

### यूएई की पारी

202 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई। उन्हें पहला झटका 11 रन के स्कोर पर लगा। रेणुका सिंह ने तीर्था सतिश को आउट किया। वह सिर्फ चार रन बना सकीं। इसके बाद पूजा ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आई रिनिथा को आउट किया। वह सिर्फ सात रन बना सकीं। इसके बाद समायरा पांच रन बनाकर आउट हुईं। इस मैच में सलामी बल्लेबाज ईशा ओजा ने 38 रनों की पारी खेली। वहीं, खुशी 10, हीना आठ और रितिका छह रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, कविशा 40 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत के लिए दीप्ति शर्मा ने दो विकेट चटकाए जबकि रेणुका, तनूजा, पूजा और राधा को एक-एक विकेट मिला।

### भारत की पारी

इस मैच में शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 23 रनों की साझेदारी हुई। कविशा ने उप-कप्तान मंधाना को रिनिथा रजिथ के हाथों कैच आउट कराया। पिछले मैच में 45 रनों की धमाकेदारी पारी खेलने वाली स्टार बल्लेबाज सिर्फ 13 रन बना सकीं। वहीं, शेफाली 37 रन बनाकर आउट हुईं। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरीं दयालन हेमलता सिर्फ दो रनबना सकीं। इसके बाद मोर्चा हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने संभाला। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 54 रनों की साझेदारी हुई जिसे कविशा ने 12वें ओवर में तोड़ा। जेमिमा 14 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। वहीं, छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरीं ऋचा घोष ने दमदार प्रदर्शन किया उन्होंने कप्तान के साथ 75 रनों की साझेदारी निभाई। हरमनप्रीत कौर ने इस मैच में 66 रनों की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने 41 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने सात चौके और एक छक्का लगाया। वहीं, विकेटकीपर बल्लेबाज ने 29 गेंदों का सामना किया और 64 रनों की तूफानी पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 220.68 के स्ट्राइक रेट से 12 चौके और एक छक्का लगाया। पूजा वस्त्राकर और ऋचा के बीच 20 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। यूएई के लिए कविशा ने दो विकेट चटकाए जबकि समायरा और हीना को एक-एक विकेट मिला।

भारत- शेफाली वर्मा, स्मृति मंधाना, दयालन हेमलता, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमा रॉड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्राकर, राधा यादव, रेणुका ठाकुर सिंह, तनुजा कंवर।

संयुक्त अरब अमीरात- ईशा रोहित ओझा (कप्तान), तीर्था सतीश (विकेटकीपर), रिनिथा राजिथ, समायरा धरणीधरका, कविशा एगोडागे, खुशी शर्मा, हीना होतचंदानी, वैष्णव महेश, रितिका राजिथ, लावण्या केनी, इंदुजा नंदकुमार।

आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगर आज के मैच में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ जीत दर्ज करती है तो महिला एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर लेगी। गत चैम्पियन भारत ने शनिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट से हराया था। यूएई को हरमनप्रीत कौर की टीम को हराने के लिए चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा।

भारत के फिलहाल दो अंक और प्लस 2.29 का नेट रनरेट है और अमीरात को हराने से उसके चार अंक हो जाएंगे। पाकिस्तान के खिलाफ दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर ने अच्छी गेंदबाजी की थी। टीम प्रबंधन को बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज के जरिए वापसी की है।

भारतीय बल्लेबाजों ने आक्रामक प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ 35 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की थी। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने 9.3 ओवर में 85 रन की साझेदारी की थी।

इसके बाद भारत ने तीन विकेट जल्दी गंवा दिए थे। भारतीय खेमा यूएई के खिलाफ मध्यक्रम के बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा होगा। एशिया कप बांग्लादेश में अक्तूबर में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम माना जा रहा है।

# भारतीय हॉकी टीम का पहला लक्ष्य होगा क्वार्टर फाइनल में पहुंचना




पेरिस। भारत ने टोक्यो में पुरुष हॉकी में ओलंपिक पदक के लिए 41 साल पुराना सूखा खत्म किया था। अब उसके सामने लगातार दूसरे ओलंपिक में पदक जीतने की चुनौती है। भारतीय हॉकी टीम ने आखिरी बार 1968 और 1972 में लगातार दो ओलंपिक गेम्स में पदक जीते थे, जिसमें मैक्सिको और म्यूनिख में कांस्य पदक शामिल हैं।

भारत ओलंपिक हॉकी में सबसे सफल देश है। टीम ने वर्ष 1928 से 1956 तक लगातार छह स्वर्ण पदक जीते हैं। इसके बाद 1964 और 1980 में भी उसने गोल्ड जीता था। 1960 के रोम ओलंपिक में भारत के हाथ रजत पदक आया था। वर्ष 1968 और 1972 में टीम ने कांस्य पदक जीता था। वह भारतीय हॉकी का स्वर्णिम दौर था।

टोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद टीम ने कांस्य पदक जीतकर पदकों का सूखा जरूर समाप्त किया, लेकिन इस बीच इस खेल की शैली, मैदान, नियम और तैयारी के तरीकों में बहुत कुछ बदल गया और लगातार दो पदक जीतना अब इतना आसान नहीं है।

भारतीय पुरुष टीम को इस बार पूल 'बी' में मौजूदा चैंपियन बेल्जियम, पूर्व विजेता ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, आयरलैंड और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। पूल 'ए' में नीदरलैंड, जर्मनी, ब्रिटेन, स्पेन, मेजबान फ्रांस और अफ्रीकी चैंपियन दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।

भारतीय टीम का पहला लक्ष्य क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए समूह में शीर्ष चार में जगह बनाना होगा। असली लड़ाई उसके बाद शुरू होगी।

भारत के लिए तैयारी काफी निराशाजनक रही है, खासकर ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज, और बेल्जियम के एंटवर्प तथा लंदन में आठ प्रो लीग मैच।

भारत इनमें से अधिकांश मैच हार गया, जिसके परिणामस्वरूप टीम प्रो लीग में नौ टीमों में सातवें स्थान पर रही। लगातार हार झेलने के कारण भारत की रैंकिंग एफआईएच रैंकिंग में शीर्ष पांच से गिरकर दुनिया में सातवें स्थान पर आ गई है।

पेरिस ओलंपिक के लिए डॉ. आर.पी. सिंह, बलविंदर सिंह, मोहम्मद रियाज, एम.एम. सौम्या, सरदार सिंह और बी.पी. गोविंदा की चयन समिति ने एक अनुभवी टीम चुनी है जिसमें 11 खिलाड़ी टोक्यो में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थे।

इनमें से गोलकीपर पी.आर श्रीजेश और टोक्यो में रजत पदक विजेता टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह का यह चौथा ओलंपिक होगा। पांच खिलाड़ी- जरमनप्रीत सिंह, संजय, राज कुमार पाल, अभिषेक और सुखजीत सिंह अपना पहला ओलंपिक खेलेंगे।

टीम के पास पेरिस में चुनौतियों का सामना करने के लिए पर्याप्त अनुभव है।

टीम ने मुख्य कोच क्रेग फुल्टन के नेतृत्व में रणनीतियों में बदलाव किया है। आक्रमण की मानसिकता अब डिफेंस में बदल गई है।

भारत ने हमेशा आक्रामक एशियाई शैली की हॉकी में विश्वास किया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि टीम के पास मजबूत डिफेंस होना चाहिए जिसमें फॉरवर्ड से लेकर डिफेंडर तक सभी अपने हाफ में ही विरोधियों के हमले को रोकने में योगदान दें। लेकिन पूरी तरह रक्षात्मक दृष्टिकोण उन खिलाड़ियों के लिए ठीक नहीं हो सकता है जिनकी मानसिकता आक्रामक होने की है।

भारत अपने अभियान की शुरुआत 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से करेगा।

इस मैच के अलावा, आयरलैंड के खिलाफ मुकाबला काफी महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इन दोनों मैचों को जीतने से कम से कम यह सुनिश्चित हो जाएगा कि टीम अपने ग्रुप में शीर्ष चार में रहे और क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करे।

अन्य मैचों में, भारत 29 जुलाई को अर्जेंटीना से भिड़ेगा। इसके बाद अगले दिन आयरलैंड और 1 अगस्त को गत विजेता बेल्जियम से भिड़ेगा। पूर्व विजेता ऑस्ट्रेलिया के साथ 2 अगस्त को भारत को खेलना है।

ग्रुपः

पूल ए : नीदरलैंड, जर्मनी, ब्रिटेन, स्पेन, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका।

पूल बी : बेल्जियम, भारत, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, आयरलैंड।

## खेल का ऐसा जुनून! इस खिलाड़ी ने पेरिस ओलंपिक के लिए कटवा ली अंगुली, वजह होश उड़ा देगी

नई दिल्ली । खेलों में खिलाड़ियों का जुनून किस हद तक हो सकता है, इसका ताजा उदाहरण ऑस्ट्रेलिया से सामने आया है, जहां हॉकी टीम के एक खिलाड़ी ने पेरिस ओलंपिक 2024 में भाग लेने के लिए अपनी एक उंगली को कुर्बान कर दिया। फैंस के लिए यह बात चौंकाने वाली हो सकती है, लेकिन यह हकीकत है। जिस खिलाड़ी ने अपना उंगली का बलिदान दिया है उनका नाम मैट डॉसन है, जो ऑस्ट्रेलिया हॉकी टीम का हिस्सा हैं।

## श्रीलंका दौरे पर जा सकते हैं दो सदस्य, सहायक स्टाफ का बनेंगे हिस्सा

नई दिल्ली। गौतम गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद इस बात की चर्चा जोरों पर है कि टीम का सहायक स्टाफ कौन होगा। इसे लेकर कई पूर्व खिलाड़ियों के नाम चल रहे हैं, लेकिन अब तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि अभिषेक नायर और रयान टेन डसकाटे श्रीलंका दौरे पर भारतीय टीम के साथ सहायक स्टाफ का हिस्सा बन सकते हैं।

## ज्योतिष चमत्कार ( 22 जुलाई 2024 )

| कल्याण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 39 | 41 | 59 | 63 |
| मंगल | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 43 | 57 | 65 | 79 |
| बुध | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 53 | 67 | 75 | 81 |
| गुरू | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 69 | 73 | 85 | 97 |
| शुक्र | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 71 | 87 | 95 | 01 |
| शनि | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 89 | 93 | 03 | 17 |
| अंकों का बादशाह | 2 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 3 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 4 | 7 | 8 | 9 |
| स्पेशल | 41 | 75 | 86 | 90 |

| राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 84 | 96 | 08 | 12 |
| मंगल | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 98 | 06 | 14 | 20 |
| बुध | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 04 | 18 | 28 | 32 |
| गुरू | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 10 | 26 | 34 | 48 |
| शुक्र | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 24 | 36 | 40 | 52 |
| अंकों का बादशाह | 3 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 4 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 5 | 8 | 9 | 0 |
| स्पेशल | 51 | 82 | 96 | 07 |

सप्ताह में देखें (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | '70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

सप्ताह में देखें (राजधानी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | '79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

अंक आपके पत्ते हमारे

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

बीते चार सप्ताह के रिकार्ड

| कल्याण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 45 | 26 | 64 | 47 | 66 | 15 |
| 77 | 66 | 24 | 64 | 13 | 84 |
| 26 | 91 | 29 | 88 | 04 | 55 |
| 95 | 37 | 02 | 99 | 70 | 82 |

| राजधानी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 25 | 93 | 57 | 13 | 23 |
| 37 | 67 | 11 | 61 | 78 |
| 12 | 98 | 77 | 23 | 33 |
| 77 | 38 | 49 | 27 | 17 |

2023-24 के रुके जोड़ भाव

कल्याण 2023- -23-09
2024- 11-17-18-19-10-22-23-34-35-43-54-57-61-68-69-71-74-85-86-80-94-09

राजधानी नाईट 2023 -35-62
2024- 15-19-10-26-35-30-44-59-62-65--69-71-73-75-70-82-88-89-92-94-04-06-00

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# वेस्ट जोन जूनियर हॉकी प्रतियोगिता: महाराष्ट्र, राजस्थान की बालिकाओं ने जीते मैच : बालक वर्ग में मध्यप्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र की जीत

0 बालक वर्ग में मेजबान छत्तीसगढ़ को महाराष्ट्र ने रोमांचक मुकाबले मे 5-4 गोलो से पराजित किया

राजनांदगांव (दावा)। हॉकी महाराष्ट्र, राजस्थान की बालिकाओं ने आसान मैचो में अपनी विरोधी टीमों को हराकर हॉकी इंडिया द्वारा संचालित व छत्तीसगढ़ हॉकी द्वारा आयोजित द्वितीय वेस्ट जोन जूनियर बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता में जीत दर्ज की हॉकी महाराष्ट्र की कप्तान सनिका चंन्द्रकांत माने की 4 गोल के साथ ही महाराष्ट्र ने गोवा को 13-0 गोल से पराजित किया, दुसरे मैच में हॉकी राजस्थान ने दादर नागर हवेली को पराजित किया।

मध्यप्रदेश की तानवी ने पहली हैट्रिक के साथ ही लगातार 5 गोल किए। वहीं बालक वर्ग में हॉकी मध्यप्रदेश ने राजस्थान को 10-1 गोल से दुसरे मैच में दादर नागार हवेली दमन एवं दीव ने गुजरात को 11-0 गोल से एवं मेजबान छत्तीसगढ़ ने गोवा को 10-0 गोल से पराजित किया प्रतियोगिता का शुभारंभ महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख नगर निगम राजनांदगांव की मुख्य आतिथ्य, अंजुम अल्वी के अध्यक्षता एवं ओलम्पियन मोहम्मद रियाज (चैन्नई) अशोक पाण्डे संरक्षक जिला पत्रकार संघ समाजसेवी रूबीना अल्वी, अंतर्राष्ट्रीय हैण्डबॉल खिलाडी श्रीमती शबनम फिरोज अंसारी के आतिथ्य और आयोजन समिति के सचिव फिरोज अंसारी, छत्तीसगढ़ हॉकी के सचिव मनीष श्रीवास्तव, हॉकी इंडिया के पर्यवेक्षक आकाश चौबे, नीलम जैन, कुतुबुद्धीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, भुषण सॉव, अंसार अहमद, सुश्री ऑशा थॉमस, अनुराज श्रीवास्तव, योगेश द्विवेदी रामअवतार जोशी, अनिकेत मोरे, हनिफ कुरैशी, हेमु सोनी, घनश्याम सिंह, शिवा चौबे, कुशाल यादव, एम रवि रॉव, सौरभ राजपूत, कृष्णा यादव, भरत वर्मा एवं अन्य वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों व सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आज से प्रारंभ हुई दूसरी वेस्ट जोन जूनियर बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता के बालिका वर्ग के प्रथम मैच में हॉकी महाराष्ट्र ने हॉकी गोवा को 0 के मुकाबले 13 गोल से पराजित किया महाराष्ट्र की ओर से टीम की कप्तान सनिका चंन्द्रकांत माने ने 5 गोल सुकन्या द्वारे ने 2 गोल, माही धनसिंग चौधरी ने 2 गोल, तनुश्री दिनेश काडू ने 2 गोल वहीं खुशी ने 1 गोल किया। दूसरे मैच में राजस्थान ने दादर नागार हवेली दमन एवं दीव हॉकी को आसानी से 4-1 गोल से हरा कर धमाकेदार जीत दर्ज की। राजस्थान की ओर से बैक खेल रही अनामिका शर्मा ने 2 गोल अग्रिम पंक्ति की गायत्री महावर ने और साक्षी शर्मा ने 1-1 गोल किया।




प्रतियोगिता के उद्घघाटन अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने उघबोद्धन में कहा यहां उपस्थित सभी सम्मानीय वरिष्ठजनों का मैं स्वागत करती हूँ यह राजनादगांव के लिए गौरव की बात है कि विगत 1 साल के अंतर्गत 3 बार इस प्रकार के आयोजन करने खिलाड़ियों को अपने हुनर को दिखाने का मौका मिलता आ रहा है, इस प्रकार के आयोजन कराने के लिए मै हॉकी इंडिया व छत्तीसगढ़ हॉकी को साधुवाद देती हूँ, साथ ही कहा कि राजनांदगांव पुरे विश्व में हॉकी नर्सरी के नाम से जाना जाता है। यहां के खिलाड़ियों में हॉकी के प्रति एक अलग ही जूनून देखने को मिलता है, मैं उम्मीद करती हूँ की आने वाले समय में यहा से अनेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी निकलेगें जो शहर एवं प्रदेश का नाम रौशन करेगें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अंजुम अल्वी ने कहा कि टूर्नामेंट में आये 7 राज्यों के सभी खिलाड़ियों को खेलते देख बहुत अच्छा लग रहा है। राजनांदगांव में हॉकी का माहौल शुरूवाती समय से ही देखने को मिल रहा है। उक्त आयोजन के लिए श्री अल्वी ने आयोजन समिति व छत्तीसगढ हॉकी को साधूवाद दिया। आयोजन समिति के सचिव व छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए। उक्त आयोजन का विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया इस स्पर्धा से चयनित खिलाड़ियों का इंटरजोनल प्रतियोगिता विगत दिनों में आयोजित होगा, जिसका प्रशिक्षण शिविर पुणे में आयोजित किया जायेगा। ऐसे आयोजन से हर खिलाड़ियों को खेल का प्रदर्शन दिखाने को मौका मिल रहा है।

प्रतियोगिता में खेले जा रहे मैचो में बालिका वर्ग में मैन ऑफ द प्लेयर का पुरूस्कार पहले मैच में महाराष्ट्र के तनुश्री दिनेश काडू को दुसरे मैच में राजस्थान की कप्तान गुरजर निक्कू को थॉमस कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ हॉकी, अंतर्राष्ट्रीय हैण्डबॉल खिलाडी श्रीमती शबनम फिरोज अंसारी, द्वारा पुरूस्कृत किया गया। बालक वर्ग में पहले मैच में मध्यप्रदेश के तुषार परमार को दुसरे मैच में हॉकी राजस्थान के रविन्द्र सिंह रज्वी को एवं तीसरे मैच में हॉकी महाराष्ट्र के कार्तिक रमेश पात्रे को देवेन्द्र ठाकुर डी.एस.ओ राजनांदगांव, ओलम्पियन मोहम्मद रियाज (चैन्नई) द्वारा पुरूस्कृत किया गया।

आज के मैच- बालिका वर्ग में पहला मैच प्रातः 07 बजे गोवा हॉकी विरूद्ध दादर नागार हवेली के मध्य, दुसरा मैच सुबह 09 बजे हॉकी राजस्थान विरूद्ध हॉकी महाराष्ट्र के मध्य खेला जायेगा। बालक वर्ग में सुबह 11 बजे हॉकी मध्यप्रदेश विरूद्ध हॉकी गुजरात, दोपहर 2 बजे हॉकी गोवा विरूद्ध हॉकी महाराष्ट्र, शाम 4 बजे हॉकी राजस्थान विरूद्ध छत्तीसगढ़ हॉकी के मध्य खेला जायेगा।



# घर की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए ऐसे सजाएं खिड़कियां

**घर की खूबसूरती बढ़ाने के लिए हम सभी चीजों की सजावट करते हैं लेकिन कई लोग खिड़की पर ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं। खिड़कियां की साफ- सफाई के साथ इसकी सजावट करना भी काफी ज्यादा जरूरी हैं। अगर आप भी खिड़कियां की सजावट करना चाहती हैं तो हम आपको बताएंगे कि आप इसकी सजावट कैसे कर सकती हैं।**

खिड़कियां की सजावट करने से पहले आपको उसे अच्छे तरीके से साफ करना होगा। अगर आप अपने खिड़कियों की सजावट सही तरीके से करना चाहती हैं तो आपको खिड़की पर लगी धूल को साफ करना होगा। धूल निकालने के बाद आप इसे अच्छे तरीके से सजा सकती हैं।

## स्टफ टॉयज का करें इस्तेमाल

अपनी खिड़की को सजाने के लिए आप चाहे तो स्टफ टॉयज का इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर आपके खिड़की पर जगह है तो आपको उस पर स्टफ टॉयज रखना होगा। स्टफ टॉयज देखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगता है।

## पौधे से करें सजावट

खिड़कियां अगर बड़ी है तो आपको अपने घर की खिड़कियों को सजाने के लिए हैंगिंग प्लांट्स का इस्तेमाल करना चाहिए। इसकी मदद से आप अपने घर के खिड़कियों की मिनटों में सजावट कर सकती हैं। यह काफी ज्यादा खूबसूरत लगेगा।

## कर्टेन सही चुनें

कर्टेन आपके घर की खिड़कियों की रौनक को बढ़ा सकता है। ऐसे में आपको अपने घर के खिड़कियों की सजावट करने के लिए लाइट कलर के कर्टेन लगाने होगे। इसकी मदद से आप आसानी से अपने घर के खिड़कियों को सजा सकती हैं।





# बरसात के मौसम में घर के फर्नीचर को सेफ रखने के लिए अपनाएं ये टिप्स

**बारिश का मौसम अपने साथ तरह-तरह की परेशानियां लेकर ही आता है। रोड पर जलजमाव के कारण कहीं आने-जाने में दिक्कत से लेकर घर की साफ-सफाई तक हर कुछ में इस दौरान समस्याएं बढ़ जाती है। ऐसा ही एक दिक्कत घर में मौजूद फर्नीचर के साथ भी होता है। दरअसल, बरसात के दिनों में लकड़ी के फर्नीचर में भी नमी आ जाती है। यही नहीं, इसके कारण सड़न और दीमक लगने की भी संभावनाएं काफी बढ़ जाती है, लेकिन आपको अब ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। हम आज एक्सपर्ट के बताए कुछ आसान से टिप्स बताने वाले हैं, जिसे फॉलो करके आप अपने काम को आसान बना सकते हैं।**

## फर्नीचर को ढक कर रखें

अगर यह खिड़की या बालकनी के पास रखी है तो आप अपने फर्नीचर ढक कर रख सकते हैं। इसके लिए प्लास्टिक शीट या वाटरप्रूफ कवर का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसा करने से आप अपने फर्नीचर को पानी और नमी से बचा सकते हैं। इसके अलावा, सोफों और कुर्सियों को फैब्रिक कवर से भी आप ढक सकते हैं।



## अपने फर्नीचर को धूप में सुखाएं

फर्नीचर में नमी को बनने से रोकने के लिए संभव हो तो इसे धूप में जरूर सुखाएं। इससे पानी का असर फर्नीचर पर नहीं होगा और न ही इसमें दीमक आदि लगने की स्थिति बन पाएगी।

## लकड़ी के फर्नीचर को पेंट या पॉलिश करें

पानी और नमी से फर्नीचर को बचाने के लिए आप एक सुरक्षात्मक परत बना सकते हैं। इससे फर्नीचर की चमक बरकरार रहेगी ही। साथ ही, बरसात में ये खराब होने से भी बच सकते हैं।

## फर्नीचर को दीवारों से दूर रखें

नम दीवारों से फर्नीचर में नमी आ सकती है। ऐसे में फर्नीचर और दीवारों के बीच थोड़ा गैप रखना जरूरी है। इसके अलावा, नमी के स्तर को कम करने और लकड़ी के फर्नीचर को सुरक्षित रखने के लिए कमरे में डीह्यूमिडिफायर का उपयोग कर सकते हैं।

## रबर पैड का करें इस्तेमाल

गंदे और गीले फर्श के साथ सीधे संपर्क में आने से फर्नीचर पर भी बुरा असर पड़ता है। ऐसे में आप अपने फर्नीचर को सुरक्षित रखने के लिए पैरों के नीचे रबर पैड लगा सकते हैं।

## फर्नीचर को कैसे रखें साफ?

- धूल और गंदगी को जमा होने से रोकने के लिए अपने फर्नीचर को नियमित रूप से साफ करते रहें।
- इसपर कवर, कोस्टर या पैड को बिछाकर रखें।
- अपने फर्नीचर को सीधे धूप से बचाएं।
- लकड़ी के फर्नीचर को महीने में एक बार घरेलू तरीके से जरूर पॉलिश करें।
- कपड़े के फर्नीचर को वैक्यूम क्लीनर से साफ करते रहें।

# बिना खर्च किए इस तरीके से बनाएं फर्नीचर क्लीनिंग स्प्रे

महंगे फर्नीचर की खास केयर की जरूरत होती है। इसके लिए बाजार में आपको यूं तो कई सारे प्रोडक्ट मिल जाएंगे। पर, आप चाहें तो केमिकल मुक्त घर पर ही क्लीनिंग स्प्रे तैयार कर सकती हैं।

## फर्नीचर क्लीनर स्प्रे बनाने की सामग्री

1 कप सफेद सिरका, 2 कप पानी
2 चम्मच नींबू का रस
1 बड़ा चम्मच ऑलिव ऑयल, स्प्रे बोतल

## घर पर फर्नीचर क्लीनर कैसे बनाएं?

- फर्नीचर क्लीनर तैयार करने के लिए सबसे पहले एक स्प्रे बोतल में सफेद सिरका और पानी डालें। आप चाहें तो सिरके की जगह नींबू का रस भी डाल सकती हैं।
- अब इसमें 1 बड़ा चम्मच ऑलिव ऑयल डालें। यह आपके फर्नीचर पर पॉलिश का काम करेगा।
- इसके बाद, बोतल को अच्छी तरह हिलाएं।
- बस लीजिए, आपका फर्नीचर क्लीनिंग स्प्रे तैयार है।
- फर्नीचर क्लीनर का कैसे करें इस्तेमाल?
- स्प्रे बोतल को अच्छी तरह से हिलाकर मिक्स कर लें।
- इसके बाद, एक मुलायम कपड़े को इस स्प्रे से गीला करें।
- फर्नीचर की सतह को अच्छी तरह पोंछ लें।
- अगर दाग एक बार में न मिटे, तो इसे फिर से दोहराएं।
- आप इस स्प्रे को लकड़ी, प्लास्टिक, धातु और कांच सहित विभिन्न प्रकार के फर्नीचर पर उपयोग कर सकते हैं।

## फर्नीचर स्प्रे बनाते वक्त इन बातों का रखें ध्यान

- यदि आप एक स्ट्रॉन्ग क्लीनर चाहते हैं, तो आप सिरके की मात्रा को 1/2 कप तक बढ़ा सकते हैं।
- स्प्रे को सुगंधित बनाने के लिए आप नींबू का रस या चंदन के तेल की मात्रा को 20 बूंद तक डाल सकते हैं।
- यदि आप एक चमकदार फिनिशिंग चाहते हैं, तो ऑलिव ऑयल की मात्रा को भी 2 बड़े चम्मच तक बढ़ा सकते हैं।
- बच्चों और पालतू जानवरों की पहुंच से दूर रखें।





# इन्वर्टर की बैटरी खरीदने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

## वर्षों तक नहीं होगी खराब

अगर आप भी घर के लिए इन्वर्टर की बैटरी खरीदने जा रहे हैं तो उससे पहले इन बातों का ज़रूर ध्यान रखें।
दिन या रात में जब बिजली जाती है तो सबसे पहले ध्यान इन्वर्टर की तरफ जाता है। अगर इन्वर्टर ठीक है तो कई बात नहीं, लेकिन इन्वर्टर की बैटरी डाउन या ख़राब होती है तो अंधेरे में रहना पड़ता है। इसलिए इन्वर्टर की बैटरी सही खरीदना चाहिए। अगर आप भी इन्वर्टर के लिए बैटरी खरीदने जा रहे हैं और यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि इन्वर्टर के लिए बैटरी कैसी होना चाहिए।

### बैटरी लेने से पहले रखें इन बातों का ध्यान

- इन्वर्टर के लिए बैटरी लेना कोइबदी बात नहीं है, लेकिन बैटरी लेने से पहले आपको कुछ बातों का ध्यान देने की ज़रूरत है।
- सबसे पहले आपको यह तय करना है कि आपको कितने घंटे के लिए बैकअप चाहिए।
- आपके घर में लाइट कितनी बार जाती है और कितने देर के लिए जाती है। इसका पूरा अनुमान सेट करके आप आसानी से अच्छी बैटरी खरीद सकते हैं।
- जैसे-पूरे 24 घंटे में लगभग 3 घंटे के लिए बिजली जाती है उसके हिसाब से आप 75-80Ah (एंपीयर/आर) पावर वाली बैटरी खरीद सकते हैं।
- अगर इससे कम या इससे अधिक समय के लिए बिजली जाती है तो आप समय के अनुसार एंपीयर/आर) पावर वाली बैटरी खरीद सकते हैं।

### अच्छी बैटरी कैसे सेलेक्ट करें?

मार्केट में मौजूद इन्वर्टर बैटरियों में अच्छी बैटरी कैसे पहचाने ये बड़ा ही सवाल होता है। अगर आप भी इस सवाल में उलझे हुए कि अच्छी बैटरी कैसे सेलेक्ट करें तो फिर आपको कुछ टिप्स को फ़ॉलो करें की ज़रूरत है। जैसे-

- आपको बता दें कि मार्केट में लगभग 3 तरह की बैटरी सबसे अधिक चलती है। फ़्लैट बैटरी, नॉर्मल बैटरी और ट्यूबलर बैटरी अधिक चलती है।
- कई लोगों का मानना है कि ये तीनों बैटरी ही अपने स्थान पर है, लेकिन लॉन्ग लाइफ के लिए ट्यूबलर बैटरी अच्छी मानी जाती है। ट्यूबलर बैटरी अधिक समय तक चलती और कम समय में चार्ज भी हो जाती है। इसलिए आप आपने घर के लिए ट्यूबलर बैटरी खरीद सकते हैं।

### फ़्लैट बैटरी और नॉर्मल बैटरी कैसी होती है?

यह तो आपको मालूम हो चुका होगा कि इन तीनों बैटरी में से ट्यूबलर बैटरी अच्छी होती है, लेकिन कई लोग फ़्लैट बैटरी और नॉर्मल भी खरीद लेते हैं। ऐसे में इन दोनों बैटरी के बारे में आप भी जन लीजिए। कहा जाता है कि फ़्लैट बैटरी और नॉर्मल बैटरी में कई बार हीटिंग की समस्या होती है जिसके कारण वो जल्दी ख़राब भी हो जाती है। फ़्लैट बैटरी और नॉर्मल बैटरी अधिक समय तक नहीं चलती हैं और कई बार जल्दी ख़राब भी हो जाती हैं। इन दोनों बैटरी के साथ बैकअप की भी समस्या रहती हैं।

### इन्वर्टर बैटरी की वारंटी और सर्विस चेक करें

इन्वर्टर बैटरी सेलेक्ट करने के बाद बैटरी की वारंटी देखना बहुत ज़रूरी होता है। कई बैटरी की वारंटी 1 साल या फिर 2 तक तक ही होती है, लेकिन अगर आप घर के लिए बैटरी खरीद रहे हैं तो कम से कम 5-7 साल तक की वारंटी वाली ही बैटरी खरीदें। इसके वाला सर्विस के बारे में भी चेक करना बहुत ज़रूरी है। जी हां, वारंटी के साथ सर्विस के बारे में भी ध्यान रखना बहुत ज़रूरी है। अगर बैटरी किसी वजह से ख़राब होती है और कंपनी फ्री मेंटेनेंस करती है। इसलिए इन्वर्टर के लिए बैटरी लेते समय वारंटी और सर्विस ज़रूर चेक करें।

# बच्चों के लिए घरेलू आइटम्स की मदद से बनाएं स्टेशनरी आर्गेनाइजर

**बच्चों की स्टेशनरी अक्सर इधर-उधर फैली रहती है। ऐसे में उसे आर्गेनाइज करने के लिए स्टेशनरी आर्गेनाइजर की मदद ली जा सकती है। आप इसे खुद घरेलू आइटम्स की मदद से तैयार कर सकते हैं।**



स्टेशनरी एक ऐसी चीज है, जो लगभग हर घर में होती ही है। जिन घरों में बच्चे होते हैं, वहां तो अक्सर पेन, पेंसिल या कलर आदि अक्सर इधर-उधर रखे हुए नजर आते हैं। अमूमन घरों में मम्मी ही स्टेशनरी को उठाकर बार-बार रखती रहती है। अगर आपके घर में भी ऐसा होता है तो सबसे अच्छा तरीका है कि आप स्टेशनरी आर्गेनाइजर का इस्तेमाल करें। स्टेशनरी आर्गेनाइजर की मदद से सभी तरह की स्टेशनरी को एक जगह आसानी से आर्गेनाइज करके रखा जा सकता है। यूं तो आपको मार्केट में कई तरह के अलग-अलग स्टेशनरी आर्गेनाइजर आसानी से मिल जाएंगे। लेकिन अगर आप चाहें तो इसे घर पर पुरानी आइटम्स की मदद से भी बेहद आसानी से बना सकते हैं। घर पर स्टेशनरी आर्गेनाइजर बनाना ना केवल बजट फ्रेंडली है, बल्कि आप खुद ही एक यूनिक डिजाइन व साइज का स्टेशनरी आर्गेनाइजर बनाकर तैयार कर सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बच्चों के लिए घरेलू आइटम्स की मदद से स्टेशनरी आर्गेनाइजर बनाने के तरीके के बारे में बता रहे हैं-

## कार्डबोर्ड से बनाएं स्टेशनरी आर्गेनाइजर

- अगर आपके पास पुराने जूते के डिब्बे या कार्डबोर्ड हैं, तो आप उससे स्टेशनरी आर्गेनाइजर बना सकते हैं। आर्गेनाइजर बनाने के लिए कार्डबोर्ड बॉक्स को मनचाहे आकार में काटें। आप आर्गेनाइजर के अलग-अलग सेक्शन बनाने के लिए कार्डबोर्ड को नापकर काट लें।
- अब ग्लू या टेप का उपयोग करके उन्हें चिपका लें। सुनिश्चित करें कि वे मज़बूती से जुड़े हुए हैं। आप तैयार आर्गेनाइजर को डेकोरेटिव पेपर से ढक दें या फिर आप उन्हें पेंट भी कर सकते हैं। अब इसे सूखने दें और फिर तैयार आर्गेनाइजर में स्टेशनरी आइटम को अंदर रखें। पुरानी चीजों को इस्तेमाल करने का आसान तरीका है।

## मेसन जार की मदद से बनाएं आर्गेनाइजर

- मेसन जार की मदद से भी स्टेशनरी आर्गेनाइजर तैयार किया जा सकता है। आप अलग-अलग मेसन जार को बतौर आर्गेनाइजर इस्तेमाल करें। इसके लिए आप मेसन जार लें। फिर उसे पेंट करें और सूखने दें। एक जार में सारी स्टेशनरी आर्गेनाइज करना संभव नहीं है, इसलिए आप अलग-अलग मेसन जार को पेंट करें।
- अब आप हर जार में लेबल लगाएं। अगर आपके पास स्पेस की कमी है और आप माउंटेड ऑर्गनाइज़र चाहते हैं, तो स्क्रू और ड्रिल का उपयोग करके लकड़ी के बोर्ड पर होज़ क्लैंप लगाएं। फिर, जार को क्लैंप में सुरक्षित करें। अपने स्टेशनरी आइटम को जार में रखें।

## पुरानी प्लास्टिक बोतल से बनाएं आर्गेनाइजर

- घर में पुरानी प्लास्टिक की बोतल होना आम बात है। आप इसे भी बतौर स्टेशनरी आर्गेनाइजर काम में ला सकते हैं। यह इन बोतल को रिसाइकिल करने का एक बेहतरीन तरीका है। आर्गेनाइजर बनाने के लिए प्लास्टिक की बोतलों के ऊपरी हिस्से को मनचाही ऊंचाई पर काटें। सुनिश्चित करें कि किनारे चिकने हों। अगर किनारे नुकीले होंगे तो इससे चोट लगने का खतरा बढ़ जाएगा।
- अब बोतलों को पेंट करें या उन्हें डेकोरेटिव पेपर से कवर ककर दें। इसी तरह, आप आवश्यकतानुसार बोतलों को तैयार कर लें। इन्हें एक पैटर्न में अरेंज करें और फिर उन्हें गोंद या टेप से सिक्योर करें। आपका स्टेशनरी आर्गेनाइजर बनकर तैयार है।



## आज से श्रावण सोमवार... शिव पूजन की बहेगी बयार : श्री चन्द्रमौलेश्वर की निकलेगी पालकी यात्रा





राजनांदगांव (दावा)। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा... गुरू पूर्णिमा के रूप में मनाने के बाद आज 22 जुलाई को श्रावण मास का प्रथम सोमवार की आगाज हो रहा है। श्रावण मास को भगवान भोलेनाथ, शिव-शंकर का मास कहा जाता है। श्रावण के महिने में भगवान शिव पूजन की बहार रहती है। बता दे कि इस बार श्रावण मास में 5 सोमवारों का योग पड़ रहा है। जिसे बहुत ही सौभाग्य कारक व शिव भक्तों के लिए विशेष फलदायी कहा गया है। श्रद्धालु भक्तजन भगवान शिव की पूजा-अर्चना में रमें रहेंगे, वही शिव लिंग में दूध, गंगाजल, कनेर फूल, धतुरा फल आदि सहित मेवा-मिष्ठान का अर्पण कर भगवान शिव को प्रसन्न किया जाएगा। आज नजदीक के नदी सरोवरों से कांवर में जल लाकर शहर स्थित शिव मंदिरों में जलार्पण किया जाएगा। इस दौरान कावरियों के बोलबम के उच्चारण से माहौल धर्ममय बना रहेगा।

### बाबा महाकाल की निकलेगी पालकी यात्रा

आज 22 जुलाई को महाकाल सेना द्वारा नंदई हाट बाजार से बाबा महाकाल की भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी। शहर के जयस्तंभ चौक सहित गोलबाजार आदि जगहों में पूजा की दुकाने सज गई है।










स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com